त्योहारों में बढ़ जाती है स्पेशल ट्रेनों की संख्या
रक्षाबंधन, रथयात्रा और सावन में भी यात्रियों को नहीं मिली समय पर सफर की राहत



हरिभूमि रायपुर भूमि

स्पेशल ट्रेन के लिए 200 रुपए तक ज्यादा किराया फिर भी घंटों लेट, मुंबई-नागपुर के यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नाम स्पेशल, किराया ज्यादा, लेकिन सफर में घंटों की देर। रेलवे यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए हर महीने दर्जनों स्पेशल ट्रेनें चलाता है। त्योहारों के दौरान इनकी संख्या और बढ़ जाती है। इसके बावजूद ट्रेनों की लेटलतीफी यात्रियों की परेशानी बढ़ा रही है। रायपुर से मुंबई, नागपुर और बिलासपुर जैसे शहरों के लिए चलने वाली कुछ ट्रेनों में यात्रियों को नियमित एक्सप्रेस ट्रेनों की तुलना में ज्यादा किराया देना पड़ रहा है, लेकिन समय पर ⏭शेष पेज 13 पर



बिलासपुर के लिए भी चार घंटे तक देर

रायपुर से बिलासपुर के बीच चलने वाली चरापल्ली एक्सप्रेस में स्लीपर का किराया करीब 400 रुपए बताया गया है, जबकि नियमित एक्सप्रेस ट्रेनों में यह किराया करीब 180 रुपए तक है। इस तरह दोनों के किराये में बड़ा अंतर है। इसके बावजूद चरापल्ली एक्सप्रेस के रायपुर पहुंचने में औसतन चार घंटे तक की देरी होने की बात सामने आई है। कम दूरी की यात्रा में भी इतनी देरी यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बनती है।

त्योहारों में बढ़ती हैं स्पेशल ट्रेनें

रेलवे त्योहारों और छुट्टियों के दौरान यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए स्पेशल ट्रेनों का संचालन करता है। रक्षाबंधन, जगन्नाथ रथयात्रा और सावन जैसे अवसरों पर भी अतिरिक्त ट्रेनें चलाई गईं। इनका उद्देश्य यात्रियों को अतिरिक्त विकल्प देना और भीड़ का दबाव कम करना है। हालांकि, यात्रियों के लिए केवल अतिरिक्त ट्रेन चलना ही पर्याप्त नहीं है। ट्रेन का समय पर पहुंचना भी उतना ही जरूरी है।

खबर संक्षेप

हेरोइन चिट्टा बरामद युवक गिरफ्तार

रायपुर। गंज थाना क्षेत्र में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, एसीसीयू की टीम ने एक युवक के कब्जे से



25.27 ग्राम हेरोइन (चिट्टा), इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन एवं मोबाइल फोन जब्त किए हैं। टीम ने मुखबिर की सूचना पर दुर्ग के वैशाली नगर निवासी शेखर राव को गिरफ्तार किया है। उसे पुलिस ने तेलघानी नाका ओवरब्रिज के नीचे बिजली ऑफिस के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी पूर्व में भी मादक पदार्थ हेरोइन (चिट्टा) से संबंधित प्रकरण में संलिप्त रहा है। आरोपी फरवरी 2026 में वैशाली नगर थाने में दर्ज नारकोटिक्स एक्ट के प्रकरण में जेल जा चुका है।

10 संदिग्धों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई



रायपुर। नार्थ जोन पुलिस ने आगामी त्योहार को ध्यान में रखते हुए एक ही दिन में 10 संदिग्धों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। पर्व के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा आम नागरिकों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई करने का दावा किया है। पुलिस ने उरला में 6 व्यक्तियों, पंडरी में 2 तथा गुढ़ियारी एवं खमतराई थाना क्षेत्र में दो संदिग्धों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। पुलिस द्वारा असामाजिक गतिविधियों पर निगरानी रखने, शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए समय पर आवश्यक कार्रवाई करने तथा किसी भी अप्रिय स्थिति की रोकथाम के लिए सतर्कता बरती जा रही है।

मोबाइल स्नैचिंग का आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। टिकरापारा थाना क्षेत्र में 19 दिन पूर्व मोबाइल स्नैचिंग करने वाला एक बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। फारूख चांगल की शिकायत पर पुलिस ने बैजनाथपारा निवासी शेख तौहीद को गिरफ्तार किया है। पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह 7 अक्टूबर को अपनी पत्नी के साथ घर से बाहर टहलने निकला था।

महिला की नौ साल की बेटी की अस्पताल ले जाने के दौरान हुई मौत

स्कूटी से जा रही मां-बेटी को ट्रक ने रौंदा 24 घंटे में चार हादसे, पांच की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पुलिस कमिश्नरेट तथा रायपुर ग्रामीण के तीन थाना क्षेत्र में 24 घंटे के भीतर अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोगों की मौत हुई है। जिन लोगों की मौत हुई है, उनमें मां के साथ उनकी नौ साल की बेटी, एक बुजुर्ग तथा दो अन्य जिनमें एक महिला शामिल है। हादसे का कारण गलत तरीके से ओवरटेक तथा लापरवाही पूर्वक खतरनाक तरीके से तेज रफ्तार वाहन चलाना है। सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल भी हुए हैं।

- डीडीनगर, विधानसभा थाना क्षेत्र में बुजुर्ग सहित तीन की मौत

रायपुर में ट्रक ने मां-बेटी को रौंदा

टेमरी निवासी गंगा साहू (35) और उनकी बेटी रितिका साहू (9) स्कूटी पर सवार होकर रविवार को रायपुर शहर की तरफ आ रही थीं। दोपहर में वीआईपी चौक पर ट्रक एमएच 15 ईजी 7219 ने उन्हें रौंद दिया। ट्रक की चपेट में आने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की बेटी को गंभीर हालत में आंबेडकर अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने के पहले उसकी भी मौत हो गई। घटना के बाद वीआईपी चौक पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही तेलीबांधा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। ⏭शेष पेज 13 पर



स्कूल से घर लौट रही महिला की एक्सीडेंट में मौत

इधर, विधानसभा थाना क्षेत्र के दोंदेखुर्द में शनिवार शाम चार-पांच बजे के करीब गलत तरीके से ट्रक के ओवरटेक करने से बाइक सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक सवार दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। डीपीएस स्कूल में चपरासी का काम करने वाले मगन लाल साहू ने पुलिस को बताया है कि वह तथा उसके साथ स्कूल में काम करने वाली संतोषी वर्मा तथा राजेश्वरी वर्मा स्कूल से उसकी बाइक से दोंदे खुर्द लौट रहे थे। स्कूल से कुछ दूर आगे एक ढाबा के पास ⏭शेष पेज 13 पर

पत्नी के साथ आ रहे युवक की पिकअप की चपेट में आने से मौत

विधानसभा थाना क्षेत्र के जरोद मोड़ के पास शाम सवा चार बजे पिकअप वाहन की ठोकर से इलेक्ट्रिक गाड़ी से रायपुर आ रहे एक युवक की मौत हो गई। बाइक सवार मृतक की पत्नी घायल हो गई। पुलिस के मुताबिक बलौदाबाजार, रावन सुहेला निवासी रूपेंद्र वर्मा अपने इलेक्ट्रिक दोपहिया से रायपुर की ⏭शेष पेज 13 पर

मॉर्निंग वाक करने निकले बुजुर्ग को बाइक ने ठोका

डीडीनगर थाना क्षेत्र में शनिवार को मॉर्निंग वाक पर निकले एक 80 साल के बुजुर्ग की बाइक की ठोकर लगने से एम्स में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मूलतः दुर्ग, रानीतराई निवासी बुधरू राम साहू घटना दिनांक को तड़के पौने छह बजे मॉर्निंग वाक पर निकले ⏭शेष पेज 13 पर

प्रेस क्लब में फायरिंग से मचा हड़कंप, आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र के मोतीबाग स्थित रायपुर प्रेस क्लब परिसर में शनिवार की शाम उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक युवक ने सरेआम पिस्टल निकालकर हवा में गोली चला दी। सार्वजनिक स्थल पर हथियार लहराने और फायरिंग कर दहशत फैलाने के इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक के खिलाफ गैरजमानती धाराओं में अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने मौके से फायरिंग करने के सीसीटीवी फूटेज बरामद कर लिए हैं। फूटेज के लिए पुलिस ने प्रेस क्लब के डीवीआर को जांच के लिए अपने कब्जे में लिया है।



प्रेस क्लब के अध्यक्ष मोहन तिवारी की शिकायत पर पुलिस ने पलाश तिवारी को गिरफ्तार किया है। थाने में दर्ज शिकायत के अनुसार, घटना के समय प्रेस क्लब में मीडियाकर्मियों और अन्य नागरिकों की नियमित आवाजाही थी। इसी दौरान आरोपी युवक ने अवांछनीय तत्वों के साथ ⏭शेष पेज 13 पर

इन गंभीर धाराओं में अपराध दर्ज

प्रेस क्लब अध्यक्ष की शिकायत के आधार पर पुलिस ने पलाश तिवारी के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालना) और 351(2) (आपराधिक धमकी) के साथ-साथ आर्म्स एक्ट की धारा 25, 27 के तहत अपराध दर्ज किया है। मामले की विवेचना उप निरीक्षक सुरेंद्र यादव को सौंपी गई है। जिस पिस्टल से फायरिंग की गई थी, वह नाइन एमएम की थी। आरोपी युवक द्वारा किसी के माध्यम से उत्तरप्रदेश से पिस्टल मंगाने की बात सामने आई है। पुलिस ने एक खाली खोखा के साथ दो जिंदा कारतूस जब्त किए हैं।

आवक कम, डिमांड भी घटी, क्वालिटी भी अच्छी नहीं

नया प्याज आने के बाद भी दाम थोक में 50 और चिल्हर में 55 से 60 रुपए किलो

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महंगाई किसी भी तरह से थमने का नाम नहीं ले रही है। एक सामान की महंगाई से अभी आम आदमी उबर भी नहीं पाता है कि दूसरे सामान की महंगाई आफत बनकर सामने आ जाती है। अब प्याज की महंगाई रुलाने का काम करने वाली है। नया प्याज आने के बाद भी इसके दाम कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। थोक में अच्छे प्याज के दाम 45 से 50 रुपए हैं। चिल्हर में दाम का कोई ठिकाना नहीं है। कहीं 55 तो कहीं 60 रुपए किलो बिक रहा है। आने वाले समय में दाम कम होने की संभावना भी नहीं है। डिमांड कम होने के कारण आवक भी कम हो गई है। प्याज की क्वालिटी भी इस बार अच्छी न होने के कारण इसका स्टॉक भी करने में परेशानी हो रही है। यही वजह है, ग्राहक इसकी खरीदी कम कर रहे हैं।

हरिभूमि सरोकार

प्याज के दाम बीते एक साल से कम ही थे। इसके दाम इस साल के प्रारंभ से ही ⏭शेष पेज 13 पर



आलू के दाम अब भी कम

एक तरफ जहां प्याज के दाम लगातार बढ़ रहे हैं, वहीं आलू के दाम बहुत कम हैं। इस समय आलू थोक में 8 से 10 रुपए किलो है। इसके दाम चिल्हर में 15 से 20 रुपए किलो है। आलू के दाम बीते डेढ़ साल से कम ही चल रहे हैं। इसकी आवक और खपत भी भरपूर हो रही है। दाम कम होने का कारण देश में इसकी बहुत ज्यादा पैदावार है।

डिमांड कम, आवक आधी

राजधानी रायपुर के साथ ही प्रदेश के सभी मंडियों में प्याज की आवक कम हो गई है। कारोबारियों के मुताबिक बाजार में पूरी तरह से मंदी का दौर चल रहा है। एक तो प्याज के दाम ज्यादा हो गए हैं, दूसरे इस बार इसकी क्वालिटी खराब होने के कारण प्याज ज्यादा दिनों तक टिक नहीं रहा है। ऐसे में जो ग्राहक पहले एक से दो बोरी प्याज लेते थे, वो अब दस किलो भी नहीं ले रहे हैं। पांच से दस किलो प्याज लेने वाले एक से दो किलो ही ले जा रहे हैं। ऐसे में डिमांड बहुत कम हो गई है। पहले राजधानी के भनपुरी की थोक आलू-प्याज मंडी में 20 से 25 ट्रक प्याज की आवक होती थी, लेकिन अब मुश्किल से 12 से 15 ट्रक की आवक हो रही है। इसी तरह से डूमरतराई के बाजार में भी रोज 20 ट्रक की आवक होती थी, लेकिन अब यहां भी आवक आधी हो गई है। इसी तरह से प्रदेश की हर मंडी में आवक करीब आधी हो गई है।

21 अक्टूबर तक बगैर विलंब शुल्क जमा कर सकते हैं आवेदन

अनिवार्य रूप से देनी होगी आरक्षित वर्ग और दिव्यांग विद्यार्थियों की जानकारी

बोर्ड कक्षाओं के लिए विवरण जांच अनिवार्य गलती हुई तो चुकाने होंगे 1600 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 2026-27 की दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए छात्रों के विवरण की जांच अनिवार्य करने के निर्देश दिए हैं। स्कूलों को सूची में दर्ज नाम, जन्मतिथि और विषयों समेत सभी जानकारियां सत्यापित करनी होंगी। बिना विलंब शुल्क के सूची जमा करने की अंतिम तारीख 21 अक्टूबर है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विद्यार्थियों के प्रवेशपत्र, अंकपत्र और उत्तीर्णता प्रमाणपत्र में कोई गलती न रहे। नाम,



माता-पिता का नाम, जन्मतिथि और चुने गए विषयों में गड़बड़ी होने से विद्यार्थियों को आगे परेशानी हो सकती है। स्कूलों को विद्यार्थियों के आवेदन में दी गई जानकारी का स्कूल के प्रवेश रजिस्टर में दर्ज विवरण से मिलान करना होगा। सभी जानकारियां सही होने पर ही सूची को अंतिम रूप दिया जाना चाहिए।

विषय कोड भी सही होना अनिवार्य

विद्यार्थी और माता-पिता के नाम की वर्तनी आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार होनी चाहिए। दसवीं के विद्यार्थियों की जन्मतिथि का आधिकारिक रिकॉर्ड से मिलान करना जरूरी है। मुख्य और वैकल्पिक विषयों का चयन सही होना चाहिए। विषय का कोड भी ठीक दर्ज होना चाहिए। आरक्षित वर्ग और दिव्यांग विद्यार्थियों की जानकारी सही होनी चाहिए, ताकि उन्हें नियमानुसार मिलने वाली सुविधाओं में परेशानी न हो। बोर्ड के निर्देशों के ⏭शेष पेज 13 पर

2 नवंबर से संशोधन

उपलब्ध जानकारी के अनुसार, एलओसी में दर्ज गलतियों को सुधारने के लिए 2 से 4 नवंबर तक का समय निर्धारित किया गया है। विद्यार्थियों और अभिभावकों को सलाह दी गई है कि वे निर्धारित अवधि में ही सभी जानकारियों की जांच कर लें। अंतिम रूप से विवरण जमा होने के बाद संशोधन कराना कठिन हो सकता है। निर्धारित प्रक्रिया के बाद विवरण में संशोधन कराने के लिए 1,600 रुपए का शुल्क देना पड़ सकता है। यह राशि मुख्य बोर्ड परीक्षा के पांच विषयों की कुल सामान्य फीस के बराबर बताई गई है। इसलिए विद्यार्थियों को सूची में दर्ज सभी ⏭शेष पेज 13 पर

महिलाओं के लिए प्रगति का अवसर

बिना किसी बड़े अनुभव के करियर शुरू करने का मौका!

हरिभूमि

अपने नए प्रोजेक्ट के लिए ऊर्जावान और आत्मविश्वासी महिलाओं/युवतियों को आमंत्रित करती है।

सुरक्षित माहौल, बेहतरीन कमाई,
हरिभूमि अखबार से
जुड़कर बनें फील्ड एक्सीक्यूटिव एक्सपर्ट।

अपनी पहचान बनाने का वक्त,
सुरक्षित कार्यक्षेत्र और सहयोगपूर्ण माहौल।
आत्मनिर्भर बनने की एक नई शुरुआत,
हरिभूमि के साथ।



योग्यता :

शैक्षणिक योग्यता :
12वीं या स्नातक

कौशल :
बातचीत करने में निपुण और मिलनसार व्यवहार।
स्वयं का वाहन अनिवार्य।

कार्य क्षेत्र :
रायपुर शहर

कार्य का समय :
सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक

वेतन : 12000/-प्रतिमाह

नीचे दिये गए नम्बर पर अपना बायोडाटा व्हाट्सएप्प या मेल करें :
9827555678 cir.haribhoomi@gmail.com

आवेदन करने की अंतिम तिथि 27 अक्टूबर 2026 शाम 5 बजे तक

प्रसार विभाग, हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.)

धान खरीदी के नियमों में बदलाव, अब किसान या नॉमिनी का फिंगरप्रिंट सत्यापन जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी सीजन शुरू होने से पहले किसानों के लिए नई व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। नई व्यवस्था के तहत धान बेचने के दौरान किसान या उसके अधिकृत नॉमिनी का बायोमेट्रिक सत्यापन किया जाएगा। केवल ओटीपी के जरिए सत्यापन कर धान बेचने की प्रक्रिया पूरी नहीं की जा सकेगी। इसके साथ ही टोकन में दर्ज धान की मात्रा को लेकर भी निर्देश जारी किए जाने की जानकारी दी गई है। नई व्यवस्था के अनुसार, धान खरीदी केंद्र पर किसान की पहचान फिंगरप्रिंट के माध्यम से सत्यापित की जाएगी। यदि किसान किसी कारण से स्वयं खरीदी केंद्र नहीं पहुंच सकता, तो वह अपने अधिकृत नॉमिनी के माध्यम से धान बेच सकेगा।

खास खबर

इसके लिए नॉमिनी का भी बायोमेट्रिक सत्यापन जरूरी होगा। किसानों को यह सुनिश्चित करना होगा कि नॉमिनी का विवरण संबंधित समिति के रिकॉर्ड में सही दर्ज हो। बताया गया है कि प्रदेश में 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू होगी और यह 31 जनवरी 2027 तक चलेगी।

एग्रीस्टैक पंजीयन होगा अनिवार्य, एक से अधिक टोकन में बराबर बंटेगी उपज

एग्रीस्टैक पंजीयन जरूरी

इस बार धान बेचने के लिए एग्रीस्टैक पंजीयन अनिवार्य किया गया है। किसानों को पोर्टल पर अपनी जानकारी दर्ज करानी होगी। पंजीयन में किसान और खेती की जमीन से जुड़ी जानकारी दर्ज होगी। इससे सरकार को किसानों का रिकॉर्ड तैयार करने में मदद मिलेगी। बिना जरूरी पंजीयन के किसानों को धान बेचने में परेशानी हो सकती है।



प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान बेच सकेंगे

सरकार ने प्रति एकड़ धान खरीदी की सीमा तय की है। एक पंजीकृत किसान एक एकड़ में अधिकतम 21 क्विंटल धान बेच सकेगा। धान की दर 3100 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित की गई है। किसान अपनी पंजीकृत जमीन के रकबे के अनुसार धान बेच सकेंगे।

एक से अधिक टोकन मिलने पर बराबर बंटेगी मात्रा

टोकन में धान की मात्रा के निर्धारण को लेकर भी किसानों को सावधानी बरतनी होगी। निर्देशों के अनुसार, यदि किसी किसान को एक से अधिक टोकन जारी किए जाते हैं, तो उनमें धान की मात्रा बराबर रखी जाएगी। उदाहरण के तौर पर, किसी किसान को 120 क्विंटल धान बेचने के लिए दो टोकन मिलते हैं, तो प्रत्येक टोकन में 60-60 क्विंटल धान दर्ज होगा। इसी तरह, 300 क्विंटल धान के लिए तीन टोकन जारी होने पर प्रत्येक टोकन में 100 क्विंटल की मात्रा निर्धारित होगी। टोकन से कम धान लाने पर बची मात्रा निरस्त हो सकती है, अगले टोकन में जोड़ने की सुविधा नहीं होगी।

खबर संक्षेप



कैबिनेट कल

रायपुर। छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय मंत्रिपरिषद की बैठक 27 अक्टूबर को आयोजित की गई है। यह बैठक मंगलवार की सुबह 11:30 बजे महानदी भवन मंत्रालय, नवा रायपुर में होगी। कैबिनेट की बैठक में धान खरीदी सीजन 2026-27 व एक नवंबर से होने वाले राज्योत्सव सहित कर्मचारी संगठनों की मांग पर बड़े फैसले लिए जा सकते हैं। धान खरीदी को लेकर मंत्रिमंडलीय उप समिति के निर्णयों पर चर्चा के बाद अंतिम मुहर लगेगी।


दुर्गम गांवों में एनएमडीसी की निःशुल्क एम्बुलेंस



रायपुर। बस्तर के दुर्गम वनांचलों में रहने वाले लोगों के लिए चिकित्सा आपातकाल का सामना करना अक्सर एक बड़ी चुनौती रहा है। पहाड़ी रास्तों से गुजरकर अस्पताल पहुंचने में कई बार पांच से छह घंटे तक लग जाते हैं। ऐसे में समय पर उपचार मिलना मरीजों और उनके परिजनों के लिए चिंता का विषय बन जाता है। इस समस्या को कम करने की दिशा में एनएमडीसी लिमिटेड ने एक नई निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा शुरू की है। यह सेवा डिपॉजिट-13 परियोजना क्षेत्र और आसपास के दूरस्थ गांवों के निवासियों को आपातकालीन परिवहन सुविधा उपलब्ध कराएगी। डिपॉजिट-13 परियोजना का विकास एनएमडीसी लिमिटेड और छत्तीसगढ़ मिनरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के संयुक्त उपक्रम एनसीएल द्वारा किया जा रहा है। निशुल्क एंबुलेंस सेवा लोहागांव, अंद्रि, गम्फुर, डोडी टिम्मेनार, पुरंगेल, करका और तंबोडी सहित आसपास के दूरस्थ एवं दुर्गम वनांचलों के निवासियों को निःशुल्क परिवहन सुविधा मिलेगी।

'मन की बात' में जनता की समस्याओं पर मौन हैं मोदीः सुशील

रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को लेकर प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री एकतरफा संवाद के जरिए अपनी उपलब्धियां गिनाते हैं, जबकि देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक असमानता जैसे मुद्दों पर जवाब चाहती है। उन्होंने किसानों की समस्याओं की अनदेखी का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, एलपीजी सिलेंडर, पेट्रोल-डीजल, दाल और सब्जियों की बढ़ती कीमतों से आम लोगों का बजट प्रभावित हो रहा है। उन्होंने सवाल किया कि दो करोड़ रोजगार, महंगाई कम करने और किसानों की आय दोगुनी करने के वादों का क्या हुआ। उनके मुताबिक, छत्तीसगढ़ में भी युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं और भर्ती प्रक्रियाओं में अनियमितताओं को लेकर चिंता बनी हुई है। कांग्रेस नेता ने कृषि लागत बढ़ने, खाद की उपलब्धता और जल-जंगल-जमीन से जुड़े मुद्दों का उल्लेख करते हुए कहा, किसान और आदिवासी समाज की समस्याओं पर भी गंभीर चर्चा होनी चाहिए।



सुबह से रात तक बैठकें करती रहीं भाजपा की नई प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी

स्मृति की पदाधिकारियों को दो टूक-लो प्रोफाइल में रहें, जनता की सेवा करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा की नई प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी ने सह प्रभारी सिद्धार्थ शंभू के साथ कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में रविवार को दोपहर से लेकर रात तक बैठकें कीं। प्रदेश प्रभारी ने बैठकों में पदाधिकारियों से दो टूक कहा, लो प्रोफाइल में रहें और जनता की सेवा करें। हमारी पार्टी का काम जनता की सेवा करना है। पदाधिकारियों को बूथ स्तर पर जाकर काम करने की नसीहत देते हुए कहा, बूथ स्तर तक पदाधिकारी जाएं। अपने जिम्मे वाले बूथ, मंडल से लेकर जिलों में प्रवास करके रात रुकें और कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करें। बैठकों का प्रारंभ प्रदेश प्रभारी ने प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, महामंत्री यशवंत जैन, नवीन मार्कंडेय, अखिलेश सोनी के साथ किया। इनसे प्रदेश संगठन और प्रदेश में पार्टी की स्थिति और पार्टी के कामों की जानकारी लेने के बाद बैठकों का दौर प्रारंभ किया गया।

बूथों में रात को रुकें

प्रदेश प्रभारी ने सबसे पहले प्रदेश के पदाधिकारियों की बैठक ली। इसमें पार्टी के अब तक किए गए कामों की जानकारी लेने के साथ आने वाले समय में क्या-क्या काम करने हैं इसकी पूरी रूपरेखा तैयार की गई। इसके बाद संभाग, जिलों के प्रभारियों, सह प्रभारियों के साथ जिलाध्यक्षों की बैठक ली गई। इन बैठकों में प्रदेश प्रभारी ने सभी से कहा, आप लोग यह बात अच्छी तरह से समझ लें कि आप जिस भी पद में हों, लेकिन अपने आप को बड़ा समझने के स्थान पर लो प्रोफाइल में रहे। आपका काम जनता की सेवा करना है, वहीं काम करें। श्रीमती ईरानी ने संगठन को मजबूत करने की सभी को नसीहत देते हुए कहा, आप सभी को निचले स्तर पर जाकर काम करना है। जिनकी जिस स्तर की जिम्मेदारी है, उसके हिसाब से उनको बूथों, मंडल, शक्ति केंद्र और जिलों में रात को रुकना है।

पूर्व विधायकों ने अफसरशाही पर उठाए सवाल

प्रदेश प्रभारी ने पूर्व सांसद और विधायकों के साथ जब संवाद किया तो कई पूर्व विधायकों के अफसरशाही पर सवाल खड़ा करते हुए बताया कि प्रदेश में अफसरशाही इतनी ज्यादा हावी है कि काम ही नहीं होते हैं। सभी सांसद और विधायको ने अपने-अपने सुझाव भी लिखित में दिए। इसी साथ प्रदेश प्रभारी ने सभी से मिशन 2028 के लिए काम करने के लिए कहा। श्रीमती ईरानी ने कहा आप सभी पार्टी के पुराने जन प्रतिनिधि हैं। आप सबको पार्टी के लिए काम करना है। श्रीमती ईरानी ने सबका समय आता है। पार्टी आपके बारे में सोचेगी, आप सब पार्टी के लिए मजबूती के काम करें।

सीएम साय ने प्रदेश प्रभारी स्मृति और कार्यकर्ताओं के साथ जमीन पर बैठकर सुनी मोदी के मन की बात



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अभनपुर स्थित अग्रवाल भवन में भाजपा की प्रदेश प्रभारी और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, सह प्रभारी सिद्धार्थ शंभू और कार्यकर्ताओं के साथ जमीन पर बैठकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का प्रसारण देखा। भाजपा की प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी रविवार को दो दिनों के प्रवास पर रायपुर पहुंचीं। विमानतल से कुशाभाऊ ठाकरे परिसर आने के बाद यहां से वह मुख्यमंत्री श्री साय के साथ अभनपुर गईं और वहां पर सभी के साथ बैठकर मन की बात कार्यक्रम को देखा। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, मन की बात देश की लोकशक्ति की आराधना और 140 करोड़ देशवासियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मीय जुड़ाव का सशक्त माध्यम है। प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज, पर्यावरण, संस्कृति, नवाचार और जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे सामान्य नागरिकों के असाधारण प्रयासों को राष्ट्रीय पहचान देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, यह प्रत्येक छत्तीसगढ़वासी के लिए गर्व का विषय है कि प्रधानमंत्री ने मन की बात की विभिन्न कड़ियों में प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, जनजातीय परंपराओं, खेल प्रतिभाओं, जल संरक्षण, पोषण और नवाचार से जुड़े प्रयासों को प्रमुखता से स्थान दिया है। उन्होंने बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम का उल्लेख कर बस्तर की खेल प्रतिभाओं एवं समृद्ध जनजातीय संस्कृति को राष्ट्रीय पहचान दी है। आज शांति, विश्वास और विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा बस्तर अपनी युवा प्रतिभाओं और सांस्कृतिक विरासत के माध्यम से नई पहचान बना रहा है। इस अवसर पर रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, सांसद लक्ष्मी वर्मा, अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

- मन की बात में छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपराओं और नवाचारों का निरंतर उल्लेख प्रदेश के लिए गौरव का विषय : मुख्यमंत्री साय

बैज बोले- कार्यकर्ताओं के आक्रोश से डर रही भाजपा

स्मृति ईरानी से मोदी की गारंटी के वादों का हिसाब मांगेगी जनता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा की नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी के छत्तीसगढ़ दौरे से पहले पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को कार्यालय से दूर रहने के निर्देश दिए जाने के कथित मामले पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि यह निर्देश भाजपा के भीतर कार्यकर्ताओं की नाराजगी और गुटबाजी की स्थिति को दर्शाता है। बैज ने आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता के अहंकार में अपने ही कार्यकर्ताओं से दूरी बना रही है। उनके मुताबिक, कार्यकर्ताओं को पार्टी कार्यालय आने से रोकने की नौबत आना संगठन के भीतर असंतोष का संकेत है। उन्होंने कहा कि स्मृति ईरानी को प्रदेश प्रभारी बनाए जाने के बाद अब उन्हें राज्य की जनता से किए गए वादों पर भी जवाब देना चाहिए।



महंगाई और मोदी की गारंटी पर मांगा जवाब

बैज ने कहा कि स्मृति ईरानी महंगाई के खिलाफ आंदोलन करती रही हैं और उन्होंने सस्ती शक्कर तथा रसोई गैस की कीमतों को लेकर भी आवाज उठाई थी। उन्होंने कहा कि अब छत्तीसगढ़ दौरे के दौरान उन्हें गैस सिलेंडर, खाद्य तेल, शक्कर और अन्य आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों पर जवाब देना चाहिए।

कानून-व्यवस्था को लेकर भी सरकार पर हमला

बैज ने साय सरकार के कार्यकाल को लेकर भी आरोप लगाए। उन्होंने कहा, प्रदेश में अपराध, नशे और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण नहीं है तथा महिलाओं के खिलाफ अपराध की घटनाएं चिंता का विषय हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में प्रतिदिन औसतन आठ से नौ दुष्कर्म की घटनाएं हो रही हैं और सरकार लोगों को भयमुक्त वातावरण देने में विफल रही है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने स्मृति ईरानी से आग्रह किया कि वे छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार को चुनाव के दौरान किए गए वादों की याद दिलाएं और जनता को उनके पूरा होने की समय-सीमा बताएं।

मतदाता सूची से 25 लाख नाम कम होने पर मो. अकबर ने उठाए सवाल

छत्तीसगढ़ में फॉर्म-7 के दुरुपयोग का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची से लगभग 25 लाख मतदाताओं के नाम कम होने पर पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान फॉर्म-7 के कथित दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए निर्वाचन आयोग से जांच और स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। अकबर ने दावा किया कि प्रदेश के 33 जिलों में 1,08,807 मतदाताओं के नाम काटे गए हैं। उन्होंने पूछा, इनमें कितने नाम फॉर्म-7 के आधार पर हटाए गए और संबंधित मतदाताओं को सुनवाई का अवसर दिया गया या नहीं। उन्होंने झूठी शिकायतों के मामलों में जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 31 के तहत कार्रवाई की जानकारी भी मांगी।



फॉर्म-7 पर आपत्ति की प्रक्रिया का पालन जरूरी

अकबर ने कहा, फॉर्म-7 के माध्यम से मतदाता सूची में दर्ज किसी व्यक्ति के नाम पर आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है, लेकिन केवल आवेदन दाखिल होने से मतदाता का नाम स्वतः नहीं काटा जा सकता। आपत्ति पर नियमानुसार सुनवाई और जांच आवश्यक है। संबंधित अधिकारियों को आपत्ति की वैधता से संतुष्ट होने के साथ उस व्यक्ति को भी सुनवाई का अवसर देना चाहिए, जिसके नाम पर आपत्ति की गई है। उन्होंने कहा, जानबूझकर गलत कथन या घोषणा देकर मतदाता का नाम कटवाने का प्रयास करने वालों के खिलाफ जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत कार्रवाई का प्रावधान है।

एआईसीसी पर्यवेक्षक ने की शहर और ग्रामीण जिला कांग्रेस में 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

'वोट बचाओ–देश बचाओ, लोकतंत्र बचाओ–संविधान बचाओ' अभियान के तहत रायपुर में शहर और ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटियों की अलग-अलग बैठकें आयोजित की गईं। बैठक में कांग्रेस नेताओं ने अभियान के तीसरे चरण के दौरान बूथ स्तर पर गतिविधियां तेज करने, मतदाता सूची से जुड़ी शिकायतों की समीक्षा करने और 1 नवंबर को दिल्ली में होने वाली रैली में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी की विशेष बैठक में 'वोट बचाओ–देश बचाओ' अभियान के तहत अब तक आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। कांग्रेस भवन में राष्ट्रीय पर्यवेक्षक एवं सांसद शोभा बाछाव की अध्यक्षता तथा प्रभारी सचिव विजय जांगिड़ के विशेष आतिथ्य में आयोजित बैठक में अभियान के तीसरे चरण की शुरुआत की गई। यह चरण 25 अक्टूबर से 25 नवंबर तक चलाया जाएगा। बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नियुक्त प्रभारी अरुण वोरा भी मौजूद रहे। बैठक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विभिन्न चुनावों में मतदाता सूची में कथित काट-छांट और वोटों की हेराफेरी के आरोप लगाए। कार्यकर्ताओं ने विधानसभा और नगरीय निकाय चुनावों के दौरान बूथ स्तर पर सामने आई शिकायतों की समीक्षा करते हुए मतदाता सूची की पारदर्शिता और चुनावी प्रक्रिया में सुधार की जरूरत बताई।



आयोग पर नजर रखेंगे कार्यकर्ता : मेनन

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने अब तक आयोजित अभियान के कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने संगठन स्तर पर किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए कार्यकर्ताओं से चुनाव आयोग और जिला प्रशासन से संबंधित प्रक्रियाओं पर नजर रखने तथा किसी भी संभावित अनियमितता की जानकारी जुटाने पर जोर दिया।

बूथ स्तर तक पहुंचाने की तैयारी : बंजारे

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, 'वोट बचाओ–देश बचाओ' अभियान लोकतांत्रिक मूल्यों और प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की रक्षा से जुड़ा है। उन्होंने ब्लॉक अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों, जिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अभियान को गांव-गांव तथा बूथ स्तर तक पहुंचाने की अपील की।

ये रहे उपस्थित

बैठक में पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, एजाज ढेबर, कुलदीप जुनेजा, आकाश शर्मा, सकलैन कामदार, एजाज ढेबर, पंकज शर्मा, आकाश तिवारी, प्रमोद तिवारी, कन्हैया अग्रवाल, अजय साहू, मोहम्मद असलम, कमलाकांत शुक्ला, शिव सिंह ठाकुर, जसबीर ढिल्लों और शारिक रईस खान शामिल थे। वहीं ग्रामीण की बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जिला प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, पूर्व विधायक अनीता शर्मा, शैलेश नितिन त्रिवेदी, महापौर नंदलाल देवांगन, पूर्व जिला अध्यक्ष नारायण कुर्रे एवं ऊधो राम वर्मा तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सचिव पल्लवी सिंह और दिलीप सिंह चौहान सहित सहित ब्लॉक अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष, वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

हुई भारी वर्षा तो गिर सकती हैं धान की बालियां, दलहन-तिलहन और सब्जियों को खतरा


चक्रवाती तूफान का अलर्ट, किसानों को धान की कटाई रोकने और खेतों में रखी फसल सुरक्षित करने की सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आने वाले चक्रवाती तूफान का विपरीत असर फसलों पर होने की आशंका है। तीन दिन बादल-बारिश और तेज हवा के आसार की वजह से किसानों को खेतों में रखी फसल को सुरक्षित करने के साथ कटाई रोकने की सलाह दी गई है। वर्षा की स्थिति जमकर रही, तो खड़े धान की बालियां गिर सकती हैं और दलहन-तिलहन के साथ सब्जियों को खतरा हो सकता है। बदले मौसम का असर से 27 से 29 अक्टूबर तक रहने की संभावना है। इस दौरान हवा की गति भी 20 से 30 किमी. के बीच हो सकती है।

हरिभूमि सरोकार

बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती तूफान पर देश के पांच राज्यों में अलर्ट जारी किया गया है। इसका छत्तीसगढ़ में भी खासकर बस्तर में भारी से अतिभारी बारिश के रूप में असर हो सकता है। इसके असर से राज्यभर में बादल छाने और बस्तर, रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर संभाग के विभिन्न जिलों में बारिश हो सकती है। मौसम में होने वाले परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों ने किसानों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। कृषि वैज्ञानिकों के मुताबिक जल्दी पकने वाले धान की कटाई हो रही है। मौसम में होने वाले बदलाव को देखते हुए कटाई रोकने और खेतों में रखे फसल को सुरक्षित करने कहा गया है। मध्यम और देर से पकने वाले धान के हल्की बारिश फायदेमंद हो सकती है मगर तेज बरसात से बालियां गिरने का खतरा है। बेमौसम बारिश और बादलों से दलहन-तिलहन पर कीटों का प्रकोप होने और सब्जियों के सड़ने का जोखिम बढ़ सकता है।



कृषि मंत्री और आयुक्त ने दिए अलर्ट रहने के निर्देश

चक्रवाती तूफान को देखते हुए किसान कल्याण मंत्री राम विचार नेताम और कृषि उत्पादन आयुक्त सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने किसान के हित में आवश्यक सहयोग के लिए विभाग अधिकारी कर्मचारी सहित मैदानी अमले को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि मौसम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए बुवाई का कार्य नवंबर माह के प्रथम सप्ताह से प्रारंभ किया जाए। हवा की गति तेज होने की संभावना को ध्यान में रखते हुए करेला एवं लौकी जैसी फसलों और केले के पौधों एवं फलदार वृक्षों को भी आवश्यकतानुसार सहारा दें। सब्जियों के खेतों में जल निकासी की उचित व्यवस्था रखें तथा बारिश के दौरान कीटनाशकों के छिड़काव से बचें।

भारी से अतिभारी बारिश

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक चक्रवाती तूफान के प्रभाव से 27 अक्टूबर को बस्तर संभाग के जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा होने का अनुमान है। 28 अक्टूबर को बस्तर और उससे लगे रायपुर और दुर्ग संभाग के जिलों में भारी से अति भारी वर्षा होने की संभावना है। 29 अक्टूबर को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे इसका असर बिलासपुर संभाग में होगा। इस अवधि में हवा की गति 20 से 30 किलोमीटर प्रतिघंटे हो सकती है। 30 अक्टूबर को इसका असर कुछ स्थानों पर हल्के से मध्यम रूप में हो सकता है।

अंबिकापुर में तापमान 12 डिग्री

मौसम शुष्क होने की वजह से पिछले चार दिन से तापमान में गिरावट का दौर चल रहा था। शनि-रविवार की दरम्यानी अंबिकापुर का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वहीं रायपुर में रात का पारा 19.7 तक पहुंचा। प्रदेश के मौसम में रात के वक्त ठंड महसूस हो रही है, वहीं दिन में तेज धूप का प्रभाव रहा। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक हवा की दिशा में बदलाव होने की वजह से अब न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना बन रही है। अब तापमान में गिरावट नवंबर में होगी।

खबर संक्षेप

औद्योगिक संयंत्रों का प्रदूषण स्वास्थ्य के लिए बेहद घातक

सिलयारी। औद्योगिक क्षेत्र सांकरा सिलतरा सोण्डरा और अन्य गांवों में शरद पुर्णिमा के शुभ अवसर पर चांदनी रात में मध्य रात्रि पर बनाए गए प्रसादी खीर में अमृत वर्षा का पता नहीं लेकिन डस्ट वर्षा जरुर देखने को मिला औद्योगिक क्षेत्र सांकरा सिलतरा में फैक्ट्रियों से निकलने वाली विषैले युक्त डस्ट हवा में उड़कर बनाए गए खीर तक पहुंच गई शिवसेना युटीबी जिला महासचिव परमानंद वर्मा कहा कि यह पर्यावरण संरक्षण मंडल की कृपा से प्राप्त हो रहे हैं और मुफ्त में बिमारी दिया जा रहा है जिससे औद्योगिक क्षेत्र के जनता को थोक में बीमार से ग्रसित हो रहे हैं लोगों के निस्तारण कार्य में उपयोग में लाई जाने वाली तालाब की पानी से लेकर घर की छतो पर डस्ट की परत काली छाया के रूप में भयंकर बिमारी लोगों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है।

दीपावली से पहले सिक्के उपलब्ध कराने की मांग

आरंग। दीपावली पर्व को देखते हुए आरंग व्यापारी संघ ने बाजार में सिक्कों एवं छोटे नोटों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की है। व्यापारी संघ के अध्यक्ष सूरज शर्मा ने आरंग स्थित विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधकों को पत्र लिखकर दीपावली से पूर्व पर्याप्त मात्रा में आवश्यक सिक्के एवं नोट उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। पत्र में एसबीआई, आईडीबीआई, एचडीएफसी, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा एवं इंडसइंड बैंक के शाखा प्रबंधकों से विशेष रूप से 10 व 20 रुपये के सिक्के व नोट एवं 50 रुपये के नोट उपलब्ध कराने की मांग की गई है। व्यापारी संघ का कहना है कि दीपावली के दौरान बाजार में खरीदारी बढ़ने से छोटे मूल्य के सिक्कों और नोटों की मांग भी बढ़ जाती है। समय पर इनकी उपलब्धता नहीं होने से व्यापारियों एवं ग्राहकों को लेन-देन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। सूरज शर्मा ने कहा कि दीपावली से पहले ही पर्याप्त मात्रा में सिक्के बाजार में पहुंचने से चिल्लर की समस्या दूर होगी तथा व्यापारियों और ग्राहकों के बीच लेन-देन सुगम होगा। इससे समय की भी बचत होगी और बाजार में व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी। उन्होंने बैंकों से इस दिशा में शीघ्र पहल करने का आग्रह किया। व्यापारी संघ के अनुसार, संबंधित बैंक प्रबंधकों ने मांग पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया है।

गोठ-बात में पालिका अध्यक्ष ने सुनीं समस्याएं

आरंग। नगर पालिका परिषद आरंग के पुराने कार्यालय में शनिवार को आयोजित 'गोठ-बात' कार्यक्रम के माध्यम से नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन ने विभिन्न वार्डों से आए नागरिकों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने आमजन की समस्याओं और मांगों को संजीदगी से सुनते हुए समाधान के आवश्यक प्रयास किए। इस गोठ-बात में पूर्व परिषद और पूर्व शासन काल के दौरान वार्ड क्र. 06 में स्थित सी.एम. चन्द्राकर कॉलोनी के प्लॉट को अवैध घोषित करते हुए निर्माण कार्य पर रोक लगा दिया गया है। इस प्रतिबंधित प्लॉटिंग का शिकार हुए खरीदारों ने पालिका अध्यक्ष से मुलाकात की। उन्होंने अपनी व्यथा बताते हुए खरीदे गए प्लॉटों पर भवन निर्माण की अनुज्ञा प्रदान करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। वहीं, ग्राम गुल्लू के रामसेवक लोधी ने बंदोबस्त सुधार में हुई लिपिकीय त्रुटि के कारण फंसी अपनी 76 डिसमिल जमीन को वापस दिलवाने की गुहार लगाई। इसके अलावा बुनियादी सुविधाओं और सरकारी योजनाओं के लाभ से जुड़े कई मामले भी सामने आए। वार्ड क्रमांक 13 ओडका निवासी तिजाऊ मारकंडे ने आवास योजना की बकाया किस्त जारी कराने तथा धर्मेंद्र मारकंडे ने क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट लगवाने का आग्रह किया। वार्ड क्रमांक 05 पटेल पारा से पुरुषोत्तम पटेल के नेतृत्व में पहुंचे मोहल्लेवासियों ने इलाके में स्वच्छ पेयजल व्यवस्था और अंडरग्राउंड नाली निर्माण के लिए ज्ञापन दिया। साथ ही पार्षद उमाकांत यादव व यादव समाज के लोगों ने पेवर टाइल्स लगवाने और सामाजिक भवन में शौचालय निर्माण की मांग रखी। पालिका अध्यक्ष डॉ. जैन ने सभी नागरिकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जनहित के इन सभी विषयों पर प्राथमिकता के साथ उचित कार्रवाई की जाएगी।

स्मृति ईरानी की उपस्थिति में भाजपा ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

'मन की बात' का 139वां एपिसोड प्रसारित, स्मृति ईरानी और सिद्धार्थ संभू की रही विशेष उपस्थिति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 139वें एपिसोड के प्रसारण के अवसर पर रविवार को छत्तीसगढ़ के अभनपुर स्थित अलका अग्रवाल भवन में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा की वरिष्ठ नेता एवं प्रखर वक्ता स्मृति ईरानी तथा युवा नेता सिद्धार्थ संभू की विशेष उपस्थिति रही। आयोजन में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजन को सफल बनाने की बात कही गई। संगठनात्मक स्तर पर संभाग प्रभारी अखिलेश सोनी, सह-प्रभारी राजीव सिंह, रायपुर जिला ग्रामीण प्रभारी सुरेंद्र पाटनी, जिला अध्यक्ष श्याम नारंग, जिला महामंत्री संतोष शुक्ला, कार्यक्रम प्रभारी संचित तिवारी ने व्यवस्थाओं और संगठनात्मक मार्गदर्शन में भूमिका निभाई। इस अवसर पर अभनपुर मंडल अध्यक्ष भरत बैस, खोरपा मंडल अध्यक्ष किशोर साहू, नवापारा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा और तामासिवनी मंडल अध्यक्ष तोशन साहू सहित भाजपा के विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

- अलका अग्रवाल भवन में भाजपा कार्यकर्ताओं का जुटा हुजूम, वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में राष्ट्र निर्माण का लिया संकल्प



'मन की बात' से जनभागीदारी और राष्ट्र सेवा का संदेश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से देशभर में जनभागीदारी, सामाजिक सरोकारों और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर संवाद किया गया। अभनपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भी राष्ट्र सेवा, जनकल्याण और समाज के विकास में सामूहिक सहभागिता के महत्व पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्र एवं छत्तीसगढ़ सरकार की विकास संबंधी पहल को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को और मजबूत बनाने के संकल्प पर बल दिया। आयोजन का समापन 'सबका साथ, सबका विकास' के मूलमंत्र के साथ राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के संकल्प के साथ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कहा कि मन की बात से हमें प्रेरणा मिलती है कि राष्ट्रसेवा समाजसेवा व जनभागीदारी से ही विकसित भारत का सपना साकार होगा।

सुविधा : किसानों को मिली राहत, फसलों की सिंचाई बाधा हुई दूर

सुबह दो घंटे की बिजली कटौती अब बंद, सिंचाई नहीं कर पा रहे थे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा।

छत्तीसगढ़ के धरसींवा -तिल्दा अंचल के किसानों के लिए एक बहुत बड़ी और राहत भरी खबर सामने आई है। किसानों के खेतों में लगे सिंचाई पंपों के लिए विद्युत विभाग द्वारा रोज सुबह की जा रही दो घंटे की बिजली कटौती को आखिरकार बंद कर दिया गया है। बिजली की नियमित आपूर्ति बहाल होने से खेतों में लहलहाए फसल और खिले किसानों के चेहरों पर एक नई खुशी की लहर दौड़ पड़ी है।

विगत कुछ दिनों से बिजली विभाग द्वारा सुबह के वक्त रोजाना दो घंटे की विद्युत कटौती की जा रही थी, जिससे अन्नदाताओं की मुश्किलें बढ़ गई थीं। वर्तमान समय में खेतों में खड़ी फसलों को पानी की अत्यंत आवश्यकता होती है। ऐसे नाजुक वक्त में बिजली गुल हो जाने से किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फिरने का खतरा मंडराने लगा था। फसल सूखने की चिंता से परेशान किसानों ने एकजुट होकर विद्युत मंडल का दरवाजा खटखटाया था और कटौती को तुरंत बंद करने की गुहार लगाई थी। तिल्दा और धरसींवा सहित पूरे ग्रामीण अंचल से लगातार विभाग को लिखित और मौखिक निवेदन भेजे जा रहे थे।

किसानों की इस गंभीर समस्या और उनकी मेहनत को समझते हुए रायपुर स्थित गुढ़ियारी के वरिष्ठ अधिकारियों ने पूरी संवेदनशीलता का परिचय दिया। किसानों के दर्द को महसूस करते हुए विभाग ने तत्काल प्रभाव से सुबह की विद्युत कटौती को बंद करने का निर्णय लिया। विभाग के इस त्वरित फैसले के बाद अब किसानों को निर्बाध रूप से बिजली मिलने लगी है, जिससे खेतों में सिंचाई का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है और फसलें एक बार फिर लहलहा उठी हैं।





किसान कांग्रेस ने सौंपा धन्यवाद पत्र

बिजली आपूर्ति बहाल होने के बाद प्रदेश किसान कांग्रेस के महामंत्री धर्मेंद्र वर्मा ने धरसींवा पहुंचकर कनिष्ठ यंत्री उपेंद्र वैष्णव से भेंट की और उन्हें धन्यवाद ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में धर्मेंद्र वर्मा ने कहा, छत्तीसगढ़ विद्युत विभाग के सम्मानीय कनिष्ठ यंत्री जी और गुढ़ियारी के वरिष्ठ अधिकारियों का हृदय से बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार। आपके द्वारा किसानों की इस विकट समस्या को गंभीरता से समझते हुए सुबह की बिजली कटौती को बंद किया गया और विद्युत आपूर्ति को सतत रूप से चालू रखा गया, यह हम सबके लिए बहुत बड़ी राहत है। आज जब हमारी फसलों को पानी की सबसे ज्यादा जरूरत है, ऐसे समय में बिजली की यह निरंतर आपूर्ति किसानों के लिए किसी जीवनदायिनी से कम नहीं है। हमारी लिखित मांग पर आपने जो त्वरित सहमति प्रदान की है, किसान हित में आपका यह सहयोगात्मक रवैया सदैव याद रखा जाएगा।

अधिकारियों के निर्देश पर कटौती बंद कर दी गई

धरसींवा विद्युत मण्डल के कनिष्ठ यंत्री उपेंद्र वैष्णव ने कहा कि किसानों की समस्या को विभाग ने गंभीरता से लिया है। फसलों की जरूरत को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर सुबह की दो घंटे की बिजली कटौती तत्काल प्रभाव से बंद कर दी गई है। अब सिंचाई के लिए निरंतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

स्मृति ईरानी से जिपं सभापति सरोज ने की जनहित पर चर्चा

सिलयारी। धरसींवां विधानसभा क्षेत्र की जनता के हितों, क्षेत्र के विकास और जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाने के उद्देश्य से जिला पंचायत सभापति श्रीमती सरोज चंद्रवंशी ने छत्तीसगढ़ प्रभारी एवं वरिष्ठ भाजपा नेत्री श्रीमती स्मृति ईरानी से विशेष मुलाकात कर चर्चा की। इस दौरान श्रीमती सरोज चंद्रवंशी ने उनका स्वागत-सत्कार किया और आत्मीयता के साथ उनका अभिनंदन किया। इस मुलाकात को धरसींवां क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जिला पंचायत सभापति श्रीमती सरोज चंद्रवंशी क्षेत्र की जनता से जुड़े विषयों को लेकर लगातार सक्रिय रहती हैं। जनप्रतिनिधि के रूप में उनकी प्राथमिकता क्षेत्र की समस्याओं को उचित मंच तक पहुंचाना तथा विकास कार्यों को गति दिलाने के लिए प्रयास करना है। इसी उद्देश्य से उन्होंने श्रीमती स्मृति ईरानी से मुलाकात कर क्षेत्र की जनता के हितों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विशेष चर्चा की। श्रीमती सरोज चंद्रवंशी ने अपने जनप्रतिनिधि के दायित्वों के अनुरूप धरसींवां क्षेत्र के विकास, जनकल्याण और आम नागरिकों की अपेक्षाओं को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने क्षेत्र के लोगों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देने तथा जनहित से जुड़े विषयों पर सकारात्मक पहल की आवश्यकता पर जोर दिया। श्रीमती स्मृति ईरानी से हुई इस मुलाकात के दौरान आपसी संवाद और सौहार्दपूर्ण वातावरण देखने को मिला। स्वागत-सत्कार के साथ हुई इस भेंट ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधित्व और संगठनात्मक संवाद को भी मजबूती प्रदान की।



कत्ता लहराकर दहशत फैलाने वाले आरोपी को 2 वर्ष का कठोर कारावास

पलारी। बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ रखने, सार्वजनिक स्थानों पर हथियार लहराकर दहशत फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध त्वरित, निष्पक्ष व वैज्ञानिक अनुसंधान करने तथा न्यायालयीन प्रकरणों में पुख्ता साक्ष्य प्रस्तुत कर अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना पलारी क्षेत्र के एक आपराधिक मामले में पुलिस की उत्कृष्ट विवेचना और प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। वहीं आरोपी को 2 वर्ष के कठोर कारावास तथा 500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। दिनांक 24 अक्टूबर 2025 को समाधान सेल के माध्यम से थाना पलारी पुलिस को सूचना मिली कि बस स्टैंड पलारी में एक व्यक्ति अपने हाथ में धारदार कत्ता लेकर कत्ता लहराकर दहशत आने-जाने वाले राहगीरों को डरा-धमका रहा है।

शरद पूर्णिमा पर में औषधि खीर का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मठपुरैना वाटर फिल्टर प्लांट परिसर में स्थित सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर में क्वांर पूर्णिमा के उपलक्ष्य में परंपरा के अनुसार श्री रामचरितमानस का अखंड पाठ आयोजित किया गया है तथा शरदपूर्णिमा का पर्व शानदार ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर धमतरी गुजरा (डोमावाले) वैद्यराज नंदलू के निर्देश में औषधियुक्त खीर का वितरण किया गया। वैद्यराज श्री साहू ने बताया कि शरदपूर्णिमा में मछली के साथ खीर खान के विधा है।



इसी तरह पीपल के छाल का शोधन करके औषधिरूप में खीर मिलकर खाने से दमा आदि कफ विकार संबंधी रोग का निदान होता है। उन्होंने कहा कि श्रीरामचरितमानस की प्रत्येक चौपाई और दोहे अमृत के समान है। श्रद्धापूर्वक दवाइयों के सेवन से रोग का निदान होता है। मंदिर समिति के अध्यक्ष मोहन साहू, सोमनाथ निषाद, दीनदयाल साहू, राजकुमार धीवर, रामचरन पटेल, नीलकंठ सारथी और रामू धीवर ने मानस पाठ में सहयोग दे रहे है।



कटाई से पहले बारिश के अलर्ट ने बढ़ाई किसानों की चिंता

आरंग। लखौली क्षेत्र में इन दिनों खेतों में धान की बालियां पककर तैयार हो गई हैं। हरहुना धान कटाई के लिए तैयार है, लेकिन खेतों में अधिक नमी के कारण किसान जमीन सूखने का इंतजार कर रहे हैं। इस बीच मौसम विभाग द्वारा बारिश का अलर्ट जारी किए जाने से किसानों की चिंता और बढ़ गई है। किसानों को आशंका है कि यदि बारिश हुई तो कटाई में देरी के साथ फसल को भी नुकसान हो सकता है। इधर, नहर में लबालब पानी बह रहा है। उदाहरण के तौर पर लखौली रेलवे लाइन पर बने पुल तक पानी पहुंचने में अब महज एक फुट का अंतर रह गया है। खेतों में जरूरत से अधिक पानी होने के कारण किसान निकासी के लिए खेतों के मुहाने खोल रहे हैं। रसनी सहित आसपास के गांवों में खेतों से निकलने वाला पानी सीधे नालों में पहुंच रहा है।

नहर के पानी के चलते बिना बारिश के भी नाले लबालब बह रहे हैं। धान की फसल पकने के अंतिम चरण में पहुंचने के साथ ही अब किसानों को सिंचाई के लिए पानी की जरूरत कम रह गई है। इसके विपरीत खेतों में जमा अतिरिक्त पानी परेशानी बढ़ा रहा है।

किसान खेतों से पानी निकालकर जमीन सूखने का इंतजार कर रहे हैं, ताकि कटाई का काम आसानी से शुरू किया जा सके। क्षेत्र में हरहुना धान पूरी तरह पक चुका है। ऐसे में किसानों को उम्मीद है कि दीपावली के बाद धान कटाई का काम तेज गति से शुरू हो जाएगा। हालांकि, खेतों में नमी और मौसम विभाग के बारिश के अलर्ट ने उनकी चिंता बढ़ा दी है। अब किसान चाहते हैं कि मौसम साफ रहे और खेत जल्द सूख जाएं, जिससे समय पर कटाई कर फसल को सुरक्षित घर तक पहुंचाया जा सके।

आयुक्त ने सिंचाई नाली निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

बलौदाबाजार। आयुक्त वी बी -जी रामजी तारण प्रकाश सिन्हा ने रविवार को जिला प्रवास के दौरान जनपद पंचायत सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत खंडुआ में संचालित कच्ची सिंचाई नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यस्थल पर 157 श्रमिक नियोजित पाए गए। श्रमिकों से सीधे संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। आयुक्त श्री सिन्हा ने श्रमिकों से मजदूरी भुगतान, रोजगार उपलब्धता एवं कार्यस्थल से संबंधित समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को योजना अंतर्गत कार्य मे अधिक से अधिक श्रमिकों का नियोजन तथा कार्य मे गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये।



पटवारियों की हड़ताल से किसान हो रहे हैं परेशान

मंदिर हसौद। छत्तीसगढ़ में पटवारियों की हड़ताल के चलते राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित हो रहे हैं इसका असर किसानों और आम नागरिकों पर पड़ रहा है। वहीं धान खरीदी का समय नजदीक आने के साथ किसानों की चिंता बढ़ गई है राजस्व अभिलेख को दुरुस्त करने जैसे जरूरी कार्यों में देरी होने से किसानों को आगमी धान खरीदी के दौरान परसानियो का सामना पड़ सकते हैं इस स्थिति को देखते हुए रायपुर कृषि उपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष नारायण कुर्रे ने राज्य सरकार से तत्काल हस्तक्षेप कर समस्या का समाधान निकलने की मांग की गई है नारायण कुर्रे ने कहा कि धान ख़रीदी छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए महत्वपूर्ण प्रकिया है। राजस्व रिकार्ड का सही होना बेहद जरूरी है ऐसे में पटवारियों की हड़ताल के कारण इन कार्यों में आने वाले बाधाओ का सीधा असर किसानों पर पड़ सकता है सरकार की इस मामले की गंभीरता को समझते हुए। समय रहते आवश्यक कदम उठाने चाहिए ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की परसानियो न हो



लोकेश्वरी टीम का गुजरा में आज रामायण एवं जसगीत

तरपोंगी। समस्त ग्रामवासी गुजरा के तत्वावधान में 26 अक्टूबर दिन सोमवार को माँ शीतला चौक, ग्राम गुजरा में एक दिवसीय भव्य 'रामायण एवं जसगान' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन में 'जय महामाया बालिका निर्मल जस एवं रामायण परिवार' आनंदधाम सगनी (धमधा) की सुप्रसिद्ध भजन गायिका लोकेश्वरी सेन अपनी टीम के साथ भक्तिमय प्रस्तुति देंगी। कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार रात्रि 8 बजे से होगा, जिसमें माता के जसगीत और प्रभु श्रीराम के चरित्र पर आधारित प्रसंगों की संगीतमय व्याख्या की जाएगी। आयोजन समिति व समस्त ग्रामवासियों ने आसपास के सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस पावन भजन संध्या का लाभ उठाने और धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।



टीईटी की अनिवार्यता से शिक्षकों में रोष

शिक्षक कल्याण संघ ने की टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

वर्षों से शिक्षा सेवा में समर्पित शिक्षकों पर परीक्षा का दबाव डालना न्यायसंगत नहीं है। इस निर्णय पर सरकार पुनर्विचार करे। शिक्षक कल्याण संघ आरंग के प्रवक्ता पं. छत्रधर दीवान, अध्यक्ष हरीश दीवान, राजकुमार दीपक, छोटूराम साहू, प्रफुल्ल कुमार मांझी, जग्गुराम साहू, भास्कर यादव, जिलाध्यक्ष कुंभज सोनवानी, नेमेश्वर साहू, टीकाराम साहू, ठाकुर राम साहू, हेमंत चंद्राकर, युवराम साहू, अब्दुल खान, व्याख्याता निर्मला पाण्डेय, अर्चना शर्मा, प्रमिला चंद्राकर ने एक संयुक्त बयान में कहा कि देशभर में कार्यरत शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण करने के लिए बाध्य किए जाने के मुद्दे ने शिक्षा जगत में नई बहस छेड़ दी है। वर्षों से विद्यालयों में अपनी सेवाएं दे रहे शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता को लेकर असंतोष बढ़ रहा है। शिक्षकों का मानना है कि लंबे समय से शिक्षा व्यवस्था को अपनी सेवाएं देने वाले अनुभवी शिक्षकों पर परीक्षा का दबाव डालना उनके सम्मान, अनुभव और सेवा समर्पण की अनदेखी करने जैसा है।

मानसिक तनाव को बढ़ा सकता है

शिक्षकों का कहना है कि उन्होंने अपने जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में समर्पित किए हैं। कठिन परिस्थितियों में भी विद्यालयों में शिक्षण कार्य करते हुए उन्होंने शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ऐसे में सेवा के वर्षों बाद परीक्षा की अनिवार्यता का दबाव उनके मानसिक तनाव को बढ़ा सकता है। शिक्षक संगठनों की मांग है कि किसी भी निर्णय में शिक्षकों की पूर्व सेवाओं, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और नियुक्ति के समय लागू नियमों को ध्यान में रखा जाना चाहिए। शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करना आवश्यक है, लेकिन इसके साथ उन शिक्षकों के हितों और सम्मान की रक्षा करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जिन्होंने दशकों तक विद्यार्थियों को शिक्षित करने का दायित्व निभाया है। संघ ने कंप्यूटर आधारित परीक्षा का कड़ा विरोध किया है और इस विषय में तर्क दिया कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत हजारों शिक्षकों के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा में तकनीकी असुविधा एवं दिक्कतें हो सकती हैं। टीईटी परीक्षा संबंधी आदेश ने प्रदेश के लाखों शिक्षकों को तनाव व चिंता में डाल दिया है, जिसके चलते शिक्षण कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। शिक्षक संघ ने सेवारत ऐसे लाखों शिक्षकों की लंबी सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए टीईटी परीक्षा से पूर्ण मुक्ति की मांग की है।

मानस संगोष्ठी में गूंजे रामचरितमानस के प्रसंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर रविवार को ग्राम चरौदा में समस्त रामायण प्रेमीजनों द्वारा मानस संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में रामचरितमानस के मर्मज्ञ प्रहलाद वैष्णव अचिंत चरौदा, डॉ. नारायण वर्मा रायपुर, रमाकांत साहू धुसेरा रायपुर, सुरेन्द्र सिन्हा गरियाबंद, कोमल साहू ऊपरवारा और कुमारी सोनिया साहू बिरकोनी महासमुंद ने सारगर्भित व्याख्यान दिया। सभी व्याख्याकारों ने रामचरितमानस के विभिन्न प्रसंगों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माता कौशल्या छत्तीसगढ़ की बेटी हैं और श्रृंगी ऋषि द्वारा कराए गए पुत्रेष्टि यज्ञ से भगवान श्रीराम का प्राकट्य हुआ।

- चरौदा में हुई मानस संगोष्ठी

इस प्रकार देश को राम देने का सौभाग्य छत्तीसगढ़ को प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर वक्ताओं ने शरद ऋतु के प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि वर्षा ऋतु बीतने के बाद शरद ऋतु के आगमन से पूरी पृथ्वी पर कास के फूलों की सफेदी छा जाती है।

जिस प्रकार वर्षा के बाद आकाश निर्मल हो जाता है, उसी प्रकार संतों के सत्संग से मन के विकार दूर हो जाते हैं और हृदय में भक्ति का निर्मल चंद्रमा प्रकाशित होता है। कार्यक्रम का संचालन पोयम शरण साहू व बुगेश्वर साहू ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जिला मानस संघ के पदाधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में रेखराज तारक, हेमलाल साहू, प्रेमलाल साहू, खेलावन साहू, चुरावन धीवर सहित समस्त ग्रामवासियों ने अहम भूमिका निभाई।



खबर संक्षेप

एबीवीपी की 'अराजकता रोको' रैली आज

रायपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा, भ्रामक प्रचार एवं आंदोलन के नाम पर की जा रही कथित अराजक गतिविधियों के विरोध में "अराजकता रोको-लोकतंत्र अपनाओ" रैली आज निकाली जाएगी। सोमवार दोपहर 12 बजे यह रैली स्प्रे मैदान बुढ़ापारा से प्रारंभ होकर महिला थाना चौक स्थित जनसंपर्क कार्यालय तक निकाली जाएगी।

राष्ट्रीय छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 28 तक

रायपुर। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति के लिए आवेदन तिथि में वृद्धि की गई है। विद्यार्थी अब इसके लिए 28 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। कक्षा 8वीं में पढ़ने वाले आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मेधावी छात्र इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत अधिसूचना मंडल की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

नाट्य मंचन से जीवंत किए चारों दादा गुरुदेव के जीवन प्रसंग



रायपुर। टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में रविवार को 'जिन शासन के सितारे, दादा गुरुदेव हमारे' भक्तिमय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। समाज के बालक-बालिकाओं ने चारों दादा गुरुदेव के जीवन प्रसंगों, साधना और आध्यात्मिक आदर्शों पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम मुनि संवेगरत्न सागरजी की पावन निश्रा में हुआ। रविवार सुबह बैंड बाजे के साथ श्री ज्ञानवल्लभ उपाश्रय से शोभायात्रा पटवा भवन पहुंची। धर्मसभा में बच्चों ने नाट्य मंचन के माध्यम से दादा गुरुदेव के जीवन और गुरु भक्ति के प्रसंगों को प्रस्तुत किया।

क्षेत्रीय उड़ान योजना, राज्य के तीन शहरों को जोड़ेगी अलायंस एयर की फ्लाइट, तीन दिन उड़ेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

विंटर शेड्यूल में भले ही नए शहरों के लिए सीधी फ्लाइट की सुविधा नहीं मिली हो, मगर अलांयस एयर ने जगदलपुर-रायपुर का दायरा अंबिकापुर तक बढ़ा दिया है। इस फ्लाइट के माध्यम से सप्ताह में तीन दिन यात्री उत्तर, दक्षिण और मध्य यानी रायपुर का सफर पूरा कर सकेंगे। रायपुर और अंबिकापुर की यात्रा 3241 रुपए खर्च कर घंटेभर में पूरी की जा सकेगी। अलायंस एयर छत्तीसगढ़ में दो सेक्टर में फ्लाइट का संचालन करती है। इसमें रीवा-रायपुर के बीच सप्ताह में तीन दिन फ्लाइट आवाजाही करती है। वहीं दूसरी फ्लाइट हैदराबाद-जगदलपुर-रायपुर रूट पर संचालित होती है। यह उड़ान मंगल, गुरु और शनिवार को पूरी की जाती है। विंटर शेड्यूल में इस उड़ान का विस्तार अंबिकापुर तक किया गया है। यानी तीन दिनी यानी मंगलवार से यह उड़ान तीन के बजाए चार शहरों को जोड़ेगी और वापसी भी इसी रूट से होगी। यह फ्लाइट सुबह 9.35 बजे हैदराबाद से रवाना होकर 10.55 बजे जगदलपुर पहुंचेगी। वहां से 11.20 बजे टेक ऑफ होकर 12.15 बजे रायपुर और यहां से 12.40 को अंबिकापुर के लिए उड़ान भरकर दोपहर 1.40 बजे अंबिकापुर पहुंचेगी। इसी तरह वापसी के दौरान दोपहर 2.05 बजे उड़कर 3.50 बजे रायपुर और से 3.30 बजे रवाना होकर 4.25 बजे जगदलपुर पहुंचेगी। फ्लाइट की अंतिम उड़ान जगदलपुर-हैदराबाद के बीच 4.50 से 6.10 बजे के बीच पूरी होगी।

खास बातें

- जगदलपुर, रायपुर के बीच उड़ने वाला विमान अब अंबिकापुर भी जाएगा
- मंगल, गुरु, शनिवार को संचालन, 3241 रुपए में होगा घंटेभर का सफर

9.35 बजे अंतिम फ्लाइट

रायपुर का स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट का रनवे सुबह सात बजे खुलकर रात दस बजे बंद हो जाएगा। यहां पहली फ्लाइट दिल्ली की सुबह 715 बजे आ रही है। वहीं अंतिम फ्लाइट कोलकाता की रात्रि 9.35 बजे टेकऑफ होती है। इस बीच औसतन 28 से 30 बार विमानों की आवाजाही होती है। रात दस बजे के बाद यहां आपात स्थिति को छोड़कर सामान्य दिनों में विमानों का संचालन नहीं होता है।



रींवा-रायपुर की यात्रा 42 सौ में

इसी कंपनी की एक फ्लाइट रींवा-रायपुर के बीच संचालित होती है। सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को एमपी-सीजी के दो शहरों के बीच उड़ान भरती है। 72 सीटर इस एयर क्राफ्ट को 42 सौ के खर्च पर पर्याप्त संख्या में यात्री मिलते हैं। इस उड़ान का संचालन भी रीजनल कनेक्टिविटी के रूप में किया जाता है। इसके साथ तमाम विमानों की आवाजाही विंटर शेड्यूल के हिसाब से प्रारंभ कर दी गई है।

बांस टाल स्वीपर कालोनी के स्लम पुनर्वास के लिए बनेंगे 40 आवास

अमलीडीह और बांस टाल में पीएम आवास के बनेंगे 100 पक्के मकान, पात्रता परीक्षण की प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र में भागीदारी में किफायती आवास की 2 परियोजनाओं में 100 पक्के मकान निर्माण की मंजूरी मिली है। इसमें राजधानी के बांसटाल स्वीपर कालोनी वाली खाली पड़ी जमीन पर स्वीपर कालोनी स्लम पुनर्वास के लिए 40 पक्के आवासों का निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा अमलीडीह क्षेत्र में कमजोर आय वर्ग के लाभार्थियों के लिए 60 पक्के मकान बनाए जाएंगे। इसके लिए पात्रता परीक्षण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके साथ ही योजना की शर्त के मुताबिक 50 फीसदी हितग्राहियों से निर्धारित राशि लेकर पोर्टल में अटैचमेंट करने के बाद ही संबंधित साइट में बहुमंजिला आवास निर्माण के लिए ऑनलाइन टेंडर किया जाएगा।

- 50 फीसदी हितग्राहियों से पैसा लेकर पोर्टल में अटैचमेंट करने के बाद संबंधित साइट के लिए होगा ऑनलाइन टेंडर

राजधानी के बांसटाल स्वीपर कालोनी वाली खाली पड़ी जमीन पर नगर निगम स्वीपर कालोनी स्लम पुनर्वास के लिए 2 करोड़ 11 लाख रुपए की लागत से 40 आवासों का निर्माण कराएगा। इसके अलावा अमलीडीह क्षेत्र में कमजोर आय वर्ग के लाभार्थियों के लिए 60 पक्के मकान बनाने की योजना को मंजूरी मिली है। यहां 3.45 करोड़ रुपए की लागत से 60 पक्के मकान बनाए जाएंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 की केंद्रीय स्वीकृति और निगरानी समिति द्वारा इन आवासों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन दोनों परियोजनाओं की लागत 5 करोड़ 56 लाख रुपए है।

पात्रता परीक्षण की चल रही प्रक्रिया

इन दोनों परियोजनाओं में आवेदकों के पात्रता परीक्षण की प्रक्रिया चल रही है। इसके साथ ही 50 फीसदी हितग्राहियों से निर्धारित अंशदान की राशि लेकर पोर्टल में अटैचमेंट करने के बाद ही संबंधित साइट के लिए एजेंसी तय करने ऑनलाइन टेंडर किया जाएगा।

- राजेश राठौर, अधीक्षण अभियंता, नगर निगम रायपुर



जहां निवास वहीं व्यवस्थापन

नगर निगम जोन 4 क्षेत्र स्थित बांसटाल की स्वीपर कालोनी वाली जमीन पर वहां के प्रभावितों को झुग्गी बस्ती पुनर्वास योजना के तहत उसी स्थान पर पक्के आवास बनाकर व्यवस्थापन दिया जाएगा। 2 करोड़ 11 लाख रुपए की लागत से यहां 40 आवासों का निर्माण कराया जाएगा। योजना के तहत आवास निर्माण के लिए केंद्रांश के रूप में प्रति आवास डेढ़ लाख रुपए और राज्यांश के रूप में प्रति आवास 2 लाख 33 हजार रुपए के मान से राशि मिलेगी।

दिव्यांगों व बुजुर्गो को मिलेगा भूतल

नगर निगम जोन 10 के अमलीडीह क्षेत्र में कमजोर आय वर्ग के लाभार्थियों के लिए 3 करोड़ 45 लाख की लागत से 60 आवास बनाए जाएंगे। भागीदारी में किफायती आवास स्कीम के तहत इसके लिए केंद्रांश के रूप में प्रति आवास 90 लाख रुपए और राज्यांश के रूप में प्रति आवास 60 लाख रुपए मिलेंगे। इन आवासों के निर्माण के लिए हितग्राही अंशदान के रूप में प्रति आवास 3 लाख रुपए एकत्र किए जाएंगे। दोनों ही एएचपी में आवासों को आवंटन पारदर्शी प्रक्रिया से करने और दिव्यांगजनों तथा वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता के आधार पर भूतल या निचले तल में पक्के आवास बनाकर दिए जाएंगे।

वाहनों की सघन जांच, दो दिन में 364 पर कार्रवाई, 5 वाहन जब्त 19 वाहनों के परमिट होंगे निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (एमसीबी) जिले में सेमरमथानी मोड़ के पास 22 अक्टूबर को बस हादसा में आधा दर्जन लोगों की मौत होने की घटना को परिवहन विभाग ने गंभीरता से लेते हुए बसों की जांच तेज कर दी है। सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग द्वारा प्रदेशभर में सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

- पिछले दिनों वीएलटीडी नहीं लगाने पर पौने दो सौ बसों के परमिट निरस्त करने की कार्रवाई की गई थी

दो दिनों में विभाग ने नियमों का उल्लंघन करने वाले 364 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 4 लाख 81 हजार 300 रुपए समन शुल्क वसूला है। गंभीर उल्लंघन के मामलों में 5 वाहन जब्त किए गए हैं। वहीं, नियम विरुद्ध संचालन करते पाए जाने पर 19 मामलों में वाहन परमिट निरस्त करने के लिए प्रकरण तैयार किए गए हैं, जिनमें 17 मामले रायपुर जिले के हैं। परिवहन आयुक्त एस. प्रकाश एवं अतिरिक्त परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर के निर्देश पर प्रदेश के सभी जिला परिवहन कार्यालयों द्वारा 24 एवं 25 अक्टूबर को विशेष जांच अभियान चलाया गया।



इस कारण परमिट निरस्त करने की कार्रवाई

जिन 19 बसों के परमिट निरस्त करने की कार्रवाई की जा रही है, उन बसों का परमिट के साथ फिटनेस, पीयूसी, बीमा में गंभीर खामियां पाई गई थी। जांच के दौरान परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बिना परमिट संचालित 12 वाहन, बिना फिटनेस प्रमाण पत्र के 10 वाहन, बिना बीमा के 3 वाहन और बिना प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र के 27 वाहन पाए गए। इसके अलावा अन्य नियमों के उल्लंघन के 312 मामलों सहित कुल 364 प्रकरणों पर कार्रवाई की गई।

जारी रहेगी जांच, वैध दस्तावेज रखने और नियमों के पालन की अपील

परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए जांच अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। विभाग ने वाहन मालिकों और चालकों से वैध परमिट, फिटनेस, बीमा एवं प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र सहित सभी आवश्यक दस्तावेज रखने की अपील की है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

बिजनेस साइट

ख़्वाहिश ट्रेडिशनल एवं फेस्टिवल एग्जिबिशन का शुभारंभ, 31 स्टॉल पर सजे आकर्षक उत्पाद



रायपुर। दीपावली और करवाचौथ के त्योहार को देखते हुए नाकोडा भैरव भवन, भैरव सोसाइटी, पचपेड़ीनाका में 25 और 26 अक्टूबर को 'ख़्वाहिश ट्रेडिशनल एवं फेस्टिवल एग्जिबिशन' का आयोजन किया जा रहा है। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि अमरजीत सिंह छाबड़ा ने किया। एग्जिबिशन में 31 स्टॉल लगाए गए हैं, जहां ग्राहकों को त्योहारों के लिए खरीदारी के कई विकल्प मिल रहे हैं। यहां साड़ियों, सूट, इंडो-वेस्टर्न परिधानों, ज्वेलरी, होम डेकोर के सामान और कुकीज सहित विभिन्न उत्पादों के स्टॉल लगाए गए हैं। इसके अलावा होममेड फूड के स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र हैं, जहां महिलाओं द्वारा घर पर तैयार किए गए व्यंजन उपलब्ध हैं। एग्जिबिशन की आयोजक ख़्वाहिश टीम की नेहा श्री श्रीमाल और मंजू कोठारी हैं। उन्होंने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य घर से व्यवसाय करने वाली महिलाओं को बेहतर मंच उपलब्ध कराना है, ताकि वे अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर सकें और अपने कारोबार को आगे बढ़ा सकें।

मित्तल हॉस्पिटल की दो दिवसीय ब्रेस्ट कैंसर कॉन्फ्रेंस संपन्न



रायपुर। मित्तल हॉस्पिटल की ओर से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 'रायपुर ब्रेस्ट कैंसर अपडेट 2026' का 24 और 25 अक्टूबर को होटल बेबीलॉन कैपिटल में समापन हुआ। सम्मेलन में देशभर से आए कैंसर विशेषज्ञों, सर्जनों और चिकित्सकों ने स्तन कैंसर के आधुनिक उपचार, नई तकनीकों और बेहतर मरीज देखभाल पर चर्चा की। दूसरे दिन सम्मेलन का उद्घाटन छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने किया। वैज्ञानिक सत्रों में स्तन कैंसर की शुरुआती पहचान, ब्रेस्ट कंजर्वेशन सर्जरी, इम्यूनोथेरेपी, जेनेटिक टेस्टिंग, मॉलिक्यूलर प्रोफाइलिंग और मेटास्टेटिक कैंसर के उपचार पर विशेषज्ञों ने विचार साझा किए। ब्रेस्ट रिकंस्ट्रक्शन और आधुनिक सर्जिकल तकनीकों पर भी चर्चा हुई। सम्मेलन में कैंसर सर्वाइवर्स की सहभागिता ने कार्यक्रम को प्रेरणादायक बनाया। उनकी उपस्थिति ने समय पर पहचान और उचित उपचार के महत्व को रेखांकित किया। मित्तल हॉस्पिटल की निदेशक एवं मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. सुमन मित्तल ने कहा कि जागरूकता बढ़ाने और चिकित्सकों को नवीनतम उपचार पद्धतियों से परिचित कराने से मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

होम डेकोरेशन शोरूम में शार्ट सर्किट से आग, लाखों का नुकसान



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पंडरी कपड़ा मार्केट स्थित सिटी सेंटर के समीप होम डेकोरेशन के शोरूम में दोपहर आग लगने की घटना से हड़कंप मच गया। शोरूम में लगी आग का धुंआ तीन से चार किलोमीटर दूर तक देखा गया। मौके पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। रविवार दोपहर एक बजे के करीब आग लगने की घटना हुई थी। फायर ब्रिगेड की टीम ने चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है।

आग लगने की घटना रोजबेस होम डेकोरेशन में हुई है। शोरूम में घरेलू इस्तेमाल का सामान उपलब्ध था। आग चौथे माले में लगी थी। आग की तेज लपटें और आसमान में उठता घना काला धुआं देखकर पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास मौजूद व्यापारियों, ग्राहकों और स्थानीय निवासियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम के साथ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण किया।

- शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका

देखते-देखते आग ने विकराल रूप धारण किया

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोपहर के समय अचानक बाजार के नजदीकी हिस्से से धुआं उठता दिखाई दिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। पंडरी क्षेत्र थोक और खुदरा कपड़ों का एक व्यस्त और बड़ा व्यावसायिक केंद्र है, इसलिए आग की खबर फैलते ही आसपास के दुकानदार अपनी दुकानों की सुरक्षा को लेकर दहशत में आ गए। कई व्यापारियों ने एहतियातन अपनी दुकानों के शटर गिराने शुरू कर दिए, वहीं सड़क पर चल रहा ट्रैफिक भी कुछ समय के लिए बाधित हो गया था।

बालको मेडिकल सेंटर ने आयोजित किया साइक्लोथॉन, 1000 से अधिक लोगों ने लिया हिस्सा



रायपुर। स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समय पर जांच के महत्व का संदेश देने के लिए बालको मेडिकल सेंटर की ओर से रविवार को 'राइड फॉर अ कॉज, साइक्लोथॉन 2026' का आयोजन किया गया।

साइक्लोथॉन को रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आयोजन में शहर के विभिन्न साइक्लिंग समूहों के साथ 1000 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। इनमें स्वास्थ्यकर्मी, मीडिया प्रतिनिधि, कॉर्पोरेट कर्मचारी और शहरवासी शामिल रहे। एनआरडीए के अंतर्गत विहान ग्रुप से जुड़ी करीब 10 महिला ई-रिक्शा चालकों ने भी भागीदारी निभाई। बालको मेडिकल सेंटर की मेडिकल डायरेक्टर डॉ. भावना सिरोही ने कहा कि स्तन कैंसर की शीघ्र पहचान से उपचार के बेहतर परिणाम मिल सकते हैं। उन्होंने महिलाओं से नियमित जांच कराने और असामान्य लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करने की अपील की। उन्होंने बताया कि अस्पताल की ओर से जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं के लिए निशुल्क मैमोग्राफी जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। इस आयोजन के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समय पर जांच कराने का संदेश दिया गया।

नेक्सा का मेगा डिलीवरी समारोह, 125 ग्राहकों को मिलीं नई बलेनो की चाबियां



रायपुर। त्योहारी सीजन में कारों की बढ़ती मांग के बीच मारुति सुजुकी के प्रीमियम रिटेल चैनल नेक्सा ने रायपुर में मेगा डिलीवरी समारोह आयोजित किया। इसमें 125 ग्राहकों को एक साथ नई बलेनो की चाबियां सौंपी गईं।

कंपनी के अनुसार, छत्तीसगढ़ में इस त्योहारी सीजन में नेक्सा की कुल डिलीवरी 1000 यूनिट तक पहुंच गई है। अगस्त 2026 में लॉन्च हुई नई बलेनो को प्रदेश में ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद मिलने का दावा किया गया है। कार के नए फ्रंट डिजाइन, एडीएएस 2.0 और वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स जैसे फीचर्स ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं। त्योहारी ऑफर्स के चलते विश्वभारती नेक्सा, स्काई ऑटोमोबाइल्स, स्पर्श ऑटोमोबाइल्स और चौहान ऑटोमोबाइल्स के शोरूम में भी ग्राहकों की आवाजाही बढ़ी है। कंपनी की ग्रैंड विटारा, बलेनो और फ्रॉन्क्स पर विशेष ऑफर्स दिए जा रहे हैं। वहीं, ग्रैंड विटारा की बढ़ती मांग के बीच डीलरशिप संचालकों ने सीमित स्टॉक की जानकारी देते हुए इच्छुक ग्राहकों से जल्द बुकिंग कराने की अपील की है।

पेज 9 के शेष

स्पेशल ट्रेन के ....

पहुंचने की राहत नहीं मिल रही। रक्षाबंधन, जगन्नाथ रथयात्रा और सावन के दौरान चलाई गई स्पेशल ट्रेनों में भी देर की शिकायतें सामने आई थीं। ऐसे में अब यात्रियों की ओर से शिकायत आ रही है कि जब यात्रियों से अतिरिक्त किराया लिया जा रहा है, तो उन्हें समय पर सफर की सुविधा क्यों नहीं मिल रही? रेलवे स्पेशल ट्रेन को भी नियमित ट्रेन की तरह परिचालन कर रहा है। ऐसे में यात्रियों को स्पेशल का लाभ नहीं मिल रहा। रेलवे की ओर से इन ट्रेनों की विशेष निगरानी का दावा करता है, लेकिन हकीकत में यह ट्रेन घंटों लेट रहती है।

रायपुर में ट्रक ने ....

गंगा साहू अपनी नौ साल की बेटी को कराटे क्लब लेकर आई थी। बताया जा रहा है, घर लौटते समय वीआईपी चौक के पास तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने स्कूटी को ठोकर मार दी। महिला का पति पेशे से ड्राइवर बताया जा रहा है। जांच के दौरान पुलिस ने गाड़ी की डिक्की की जांच की, तो मृतका की बेटी ऋतिका का एक शर्टिफिकेट मिला। शर्टिफिकेट में बच्ची के नेशनल कराते प्रतियोगिता में शामिल होने का उल्लेख है। बताया जा रहा है, ऋतिका तीसरी कक्षा की छात्रा थी। उसकी एक 15 साल की बड़ी बहन और है। घटना के बाद पुलिस मृतका के परिजनों से ज्यादा पूछताछ नहीं कर पाई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद गंगा की बड़ी बेटी का रो-रो कर बुरा हाल है।

स्कूल से घर ....

ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक उसकी बाइक को ओवरटेक करते हुए उन्हें चपेट में ले लिया। बाइक सवार संतोषी वर्मा के सिर तथा शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बाइक चालक तथा एक अन्य महिला घायल हो गए।

पत्नी के साथ ...

तरफ आ रहा था। जरौद मोड़ के पास तेज रफ्तार पिकअप सीजी 04 पीजे 2022 का चालक तेज रफ्तार के कारण गाड़ी पर कंट्रोल नहीं कर पाया और इलेक्ट्रिक गाड़ी को सामने से ठोकर मार दी। पिकअप की ठोकर लगने से रूपेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। उसकी पत्नी को गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मॉर्निंग वाक करने ...

थे। इस दौरान रायपुरा के पास रोड पार करते समय बाइक सीजी 04 एलके 8692 के चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार बाइक चलाते हुए बुजुर्ग को पीछे से ठोकर मार दी। गंभीर हालत में बुजुर्ग को उपचार के लिए एम्स अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

प्रेस क्लब में ....

मिलकर पिस्टल से हवाई फायर किया और उपस्थित लोगों को डराने-धमकाने का प्रयास किया। अचानक हुई इस गोलीबारी से परिसर में मौजूद पत्रकारों और कर्मचारियों में अफरातफरी मच गई।

नया प्याज आने ...

चिल्हर में 20 रुपए रहे, लेकिन अब बीते दो माह से इसके दाम में लगातार इजाफा हो रहा है। पहले इसके दाम चिल्हर में 25 फिर 30 और इसके बाद 40 रुपए पहुंचे और इसके अब इसके दाम थोक में ही 50 रुपए तक पहुंच गए हैं।

विषय कोड भी सही ....

अनुसार, जानकारी सत्यापित करने के बाद स्कूल सूची का प्रिंट निकालेंगे। इस पर विद्यार्थी और उनके माता-पिता या अभिभावक के हस्ताक्षर लिए जाएंगे। हस्ताक्षर के माध्यम से यह पुष्टि की जाएगी कि सूची में दर्ज जानकारियां सही हैं। इसलिए हस्ताक्षर करने से पहले सभी विवरण ध्यान से पढ़ना जरूरी है। सीबीएसई ने स्कूलों को सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं। अंतिम रूप से सूची जमा होने के बाद किसी विद्यार्थी के विवरण में गलती मिलने पर संबंधित स्कूल प्रशासन की जिम्मेदारी तय हो सकती है।

2 नवंबर से संशोधन ....

जानकारियां ध्यान से जांचनी चाहिए। हालांकि, संशोधन शुल्क और उसकी लागू होने वाली शर्तों की पुष्टि सीबीएसई के आधिकारिक निर्देशों से करना उचित होगा।



खबर संक्षेप



दिवाकर फिर बने छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज केंद्रीय समिति के अध्यक्ष

रायपुर। छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज केंद्रीय समिति की कार्यकारिणी एवं आजीवन सदस्यों की बैठक रविवार को अग्रोहा कॉलोनी स्थित वर्तमान अध्यक्ष दिवाकर तिवारी के निवास पर हुई। बैठक में उपस्थित कार्यकारिणी सदस्यों और संरक्षकों ने दिवाकर तिवारी को अगले कार्यकाल के लिए पुनः अध्यक्ष मनोनीत करने का प्रस्ताव रखा। उपस्थित कार्यकारिणी सदस्यों और आजीवन सदस्यों ने प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से सहमति जताई। बैठक में श्री तिवारी को अक्टूबर 2026 से अक्टूबर 2029 तक के कार्यकाल के लिए समिति का अध्यक्ष चुना गया। बैठक में छगन चौबे, प्रमोद दुबे, आकाश दुबे, ललित मिश्रा, सतीश शर्मा और विनय तिवारी के अलावा महिला प्रकोष्ठ से संध्या तिवारी, पल्लवी पांडेय, सुनीता शर्मा, अर्चना तिवारी, सुनंदा शर्मा, संजय शुक्ला, अनुपम मिश्रा तथा युवा प्रकोष्ठ से नमन मिश्रा, हर्ष पांडे, अपूर्व मिश्रा, राहुल शर्मा, प्रणव तिवारी सहित अन्य आजीवन सदस्य भी बैठक में शामिल हुए।

वाल्मीकि सभागार में मनाई शरद पूर्णिमा



रायपुर। जैन संत परंपरा के इतिहास में अद्वितीय संयोग एवं पावन बेला में राजधानी रायपुर की धर्मप्राण नगरी में आयोजित दो दिवसीय भव्य एवं ऐतिहासिक 'शरदोत्सव वर्ष 2026 मनाया गया। यह कार्यक्रम रविवार को राजधानी के वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर परिसर के वाल्मीकि सभागार में किया गया। इस मौके पर सकल दिगम्बर जैन समाज, रायपुर के अध्यक्ष संजय नायक जैन एवं सचिव राजेश रज्जन जैन ने बताया कि यह महामहोत्सव इस दृष्टि से अत्यंत विशिष्ट और वंदनीय रहा, क्योंकि इसी पावन तिथि शरद पूर्णिमा पर युगदीपक, समाधिस्थ राष्ट्रसंत आचार्य 108 विद्यासागर महाराज एवं वर्तमान परंपराचार्य आचार्य 108 समय सागर महाराज का एक ही पावन तिथि पर अवतरण दिवस (प्रकटोत्सव) है। गुरुद्वय के इस पावन अवतरण को समूचा जैन समाज 'गुरुद्वय अवतरण महापर्व' के रूप में मना रहा है। कार्यक्रम के दौरान दोपहर बाद कथक कलाकारों द्वारा आचार्यश्री के जीवनदर्शन पर आधारित भावपूर्ण नृत्य नाटिका 'आत्मानुभूति' प्रस्तुत की गई, जिसे देखकर उपस्थित जनसमूह भावविभोर हो गया। शाम 5 बजे सांध्यकालीन स्वामी वात्सल्य (प्रीतिभोज) का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों धर्मप्रेमियों ने वात्सल्य भाव के साथ सहभोज का लाभ लिया। शाम 6 बजे प्रतियोगिताओं में सजी आरतियों के साथ भव्य महाआरती, भक्तिमय भजनों की गंगा और उल्लासपूर्ण डांडिया रास का आयोजन किया गया, जिसमें संपूर्ण सभागार भक्ति में सराबोर नजर आया। रात्रि 8 बजे कृतज्ञता ज्ञापन और आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का मंगलाचरण समापन एवं विश्राम हुआ।

'पॉलिटिकल साइंस', 'इंग्लिश' नहीं लिख सका कर्मचारी चयन मंडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बीते दिनों जारी किया गया था राज्य पात्रता परीक्षा का मॉडल आंसर

छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल अपने भाषा ज्ञान को लेकर ट्रोलिंग का शिकार हो गया। मामला राज्य पात्रता परीक्षा का है।

- सोशल साइट्स में ट्रोलिंग के बाद कर्मचारी चयन मंडल ने जारी किया शुद्धि पत्र

बीते दिनों कर्मचारी चयन मंडल (पूर्व नाम व्यावसायिक परीक्षा मंडल-व्यापम) ने राज्य पात्रता परीक्षा अर्थात सेट के मॉडल आंसर जारी किए। इसमें पॉलिटिकल साइंस और इंग्लिश विषय के मॉडल आंसर के ऊपर शीर्षक में लिखे गए विषय नाम में स्पेलिंग सही नहीं थे।

हरिभूमि सरोकार

इंग्लिश भाषा में ये विषय नाम लिखे गए थे। अभ्यर्थियों का ध्यान जब इस ओर गया तो उन्होंने फेसबुक, व्हॉट्सऐप सहित अन्य सोशल साइट्स में इसे लेकर टिप्पणियां की। मॉडल आंसर जारी किए जाने के एक दिन पश्चात कर्मचारी चयन मंडल ने शुद्धि पत्र जारी किया। इसमें गलत स्पेलिंग के साथ सही स्पेलिंग का जिक्र करते हुए सही वर्तनी पढ़े जाने का अनुरोध अभ्यर्थियों से किया गया। कर्मचारी चयन मंडल ने political science के स्थान पर political sciencne लिख दिया था। इसी तरह English के स्थान पर शीर्षक में Egnlish लिख दिया गया।

शिक्षक भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन जारी

इधर, कर्मचारी चयन मंडल में शिक्षक व सहायक भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन जारी है। इच्छुक अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट में जाकर आवेदन कर सकते हैं। यह भर्ती परीक्षा 11 अक्टूबर को आयोजित होनी थी, लेकिन न्यायालय के आदेश पश्चात इसे परीक्षा प्रारंभ होने से दो दिन पूर्व ही स्थगित करना पड़ा। न्यायालय के आदेश पश्चात दिव्यांग श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए आवेदन पुनः प्रारंभ किए गए हैं। 30 अक्टूबर तक आवेदन किए जा सकेंगे। दिव्यांगजनों के लिए पोर्टल पुनः प्रारंभ किए जाने के पूर्व तक लगभग 65 हजार अभ्यर्थी इसके लिए आवेदन कर चुके थे। 250 परीक्षा केंद्र भी इसके लिए कर्मचारी चयन मंडल ने प्रदेश में बनाए थे।

अभ्यर्थियों ने याद दिलाई स्पेलिंग



पंजीकृत मोबाइल नंबर अनिवार्य

गौरतलब है कि कर्मचारी चयन मंडल ने 4 अक्टूबर को राज्य पात्रता परीक्षा आयोजित की थी। उच्च शिक्षा संचालनालय के अंतर्गत यह परीक्षा आयोजित हुई। इसके पश्चात 21 अक्टूबर को सामान्य प्रश्नपत्र के मॉडल आंसर जारी करने के साथ ही क्रमशः अन्य विषयों के मॉडल आंसर जारी किए गए। दावा आपत्तियों के लिए आवश्य प्रक्रिया भी व्यापम ने अपने वेबसाइट में अपलोड कर दी है। अभ्यर्थी अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से ही रजिस्ट्रेशन करके दावा आपत्ति दर्ज कर सकेंगे। प्रति प्रश्न 50 रुपए की राशि दावा पेश करने के लिए देनी होगी।

अमृत मिशन के तहत 4 करोड़ खर्च कर तालाब सफाई, गहरीकरण, सौंदर्यीकरण कराया

बघवा तालाब की सरहदी दीवार एक माह से ध्वस्त, न ठेकेदार ध्यान दे रहा न निगम प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दीवार गिरी, स्ट्रीट लाइटें भी खराब, शिकायत के बाद भी दीवार नहीं बनाई

रायपुरा के विप्र नगर क्षेत्र स्थित बघवा तालाब से लगी सरहदी दीवार महीनाभर बीत जाने के बाद भी दोबारा नहीं बनाई जा सकी है। तालाब से लगी दीवार गिरने से वहां सुरक्षा का खतरा बना हुआ है, साथ ही आसपास की स्ट्रीट लाइटें बंद होने से कभी भी दुघर्टना हो सकती है। लोगों ने इसकी शिकायत जोन 8 कमिश्नरी और वार्ड पार्षद से भी की है, इसके बाद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जबकि तालाब सौंदर्यीकरण और गहरीकरण पाथवे निर्माण सहित छोटा सा गार्डन विकसित करने लाइट व्यवस्था के कार्य में दो फेज में चार करोड़ खर्च हुए। निगम मुख्यालय ने अमृत मिशन के तहत तालाब सौंदर्यीकरण का कार्य कराया। इसके बाद भी इसकी देखरेख में अनुबंधित ठेका एजेंसी कोताही बरत रही है। वहीं मुख्यालय और जोन के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। इससे लोगों में निगम प्रशासन के रवैये को लेकर खासा आक्रोश व्याप्त है।

हरिभूमि फॉलोअप

नगर निगम जोन 8 के संत रविदास वार्ड स्थित रायपुरा के बघवा तालाब की देखरेख को लेकर कोताही बरती जा रही है। तालाब की सुरक्षा के लिए बनाई गई दीवार बारिश के दौरान भरभरा कर ध्वस्त हो गई। इसकी जानकारी निगम मुख्यालय में प्रोजेक्ट के प्रभारी अधिकारी को होने के बाद भी अनुबंधित ठेका एजेंसी से दीवार को दोबारा बनवाने का कार्य नहीं कराया गया। हैरानी की बात ये है कि निगम मुख्यालय में बैठे जिम्मेदार ये कहकर इससे पल्ला झाड़ रहे हैं कि हमने जोन 8 को बघवा तालाब सौंदर्यीकरण के बाद हैंडओवर कर दिया है, उन्हीं के माध्यम से देखरेख की जाएगी। वहीं जोन 8 कमिश्नरी का कहना है कि उनके पास इसके संधारण के लिए फंड नहीं है।

35 एकड़ में फैला तालाब, दर्जनों स्ट्रीट पोल शोपीस बने

रायपुरा की आधी बस्ती सहित यादवपारा के लोग एक अरसे से तालाब का उपयोग निस्तारी के लिए करते आ रहे हैं। 35 एकड़ में फैले इस तालाब की नगर निगम ने ढाई दशक बाद सुध ली। तालाब के पास छोटा सा बगीचा विकसित करने के साथ ही उसमें पौधे लगाए गए, पर देखरेख के अभाव में अधिकतर पौधे सूख गए। इधर तालाब के चारों ओर प्रकाश की व्यवस्था करने लगाए गए दर्जनों नए स्ट्रीट पोल की लाइटें बंद पड़ी हैं। इसके चलते ये पोल महज शोपीस बनकर रह गए। सूत्रों के मुताबिक पोल से लगे केबल को अज्ञात चोरों द्वारा काटकर ले जाने से यह समस्या आए दिन बनी रहती है।



दूसरे फेज में 2 करोड़ 3 लाख का कार्य

नगर निगम ने रायपुरा के बघवा तालाब में दूसरे फेज में 2 करोड़ 3 लाख रुपए खर्च कर तालाब का सौंदर्यीकरण सहित अन्य कार्य कराने आर्यन बिल्डर को ठेका दिया, जिसमें गंदे पानी की सफाई, तलछटी तक गाद निकालकर तालाब का नए सिरे से गहरीकरण कराया गया लोगों की सुविधा के लिए तालाब में पचरीकरण, आने-जाने के लिए पाथवे का निर्माण, तालाब को सुरक्षित रखने आउटर व इनर एरिया में रिटेनिंग वॉल बनवाई गई।

चेक कराता हूं

बघवा तालाब की सरहदी दीवार गिरने के बाद इसे दुरुस्त नहीं कराने की शिकायत मिली है, इसे चेक करवाता हूं। लोगों को इससे किसी तरह की असुविधा न हो इस बात का ध्यान रखा जाएगा।
- **संबित मिश्रा,** आयुक्त, नगर निगम रायपुर

दो फेज में हुआ कार्य, गहरीकरण में खप गए 2.50 करोड़

बघवा तालाब की सफाई, गहरीकरण और सौंदर्यीकरण के काम में 2.50 करोड़ रुपए खर्च करने के बाद भी काम आधा-अधूरा हो पाया। तालाब के आसपास पाथवे बनानेऔर बगीचा विकसित करने की योजना पर पहले फेज में काम नहीं हो पाया। नगर निगम के अधिकारियों ने अधूरे काम को पूरा करने 1.50 करोड़ रुपए का नया प्रस्ताव बनाकर शासन को मंजूरी के लिए भेजा। इसमें लैंड स्कैपिंग,प्लांटेशन सहित अन्य कार्यों को दोबारा शामिल करना पड़ा। यान कुल मिलाकर तालाब की सफाई और गहरीकरण में 2.50 करोड़ खर्च हो गए।

नवा रायपुर के सेक्टर-24 में बनेगा नया चैंबर भवन ले-आउट को लेकर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज का नया सभा भवन नवा रायपुर के सेक्टर-24 में बनेगा। इसके लिए राज्य शासन ने भूमि का आवंटन किया है। चैंबर ने 30 वर्ष के लिए लीज का भुगतान भी कर दिया है। नए चैंबर भवन के ले-आउट को लेकर चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में राजधानी के बॉम्बे मार्केट स्थित चौधरी देवीलाल व्यापार उद्योग भवन के सभागार मे बैठक हुई। जहां सदस्यों ने ले-आउट के अवलोकन के साथ ही अपने सुझाव भी दिए। इसके अलावा वरिष्ठ सदस्यों से नीतिगत मार्गदर्शन और उनके सुझाव लिए गए। बैठक में चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने सभी पदाधिकारियों को जानकारी दी कि प्रदेश शासन द्वारा नए चैंबर भवन के लिए नवा रायपुर स्थित सेक्टर-24 में भूमि का आवंटन किया गया है, जिसकी शासन के सहयोग से विधिवत रजिस्ट्री हो चुकी है। नए चैंबर भवन के लिए ले-आउट तैयार किया जा चुका है, ताकि जल्द ही नए चैंबर भवन का निर्माण किया जा सके। बैठक में मौजूद सभी वरिष्ठजनों ने प्रस्तावित ले-आउट के संबंध में अपने विचार व्यक्त करते हुए चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी को बधाई देते हुए कहा कि यह चैंबर की बहुत बड़ी उपलब्धि है। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए सर्व सुविधायुक्त चैंबर भवन का निर्माण बहुत ही आवश्यक है।

व्यापारियों से ली जाए सहयोग राशि

चैंबर संरक्षक बलदेव सिंह भाटिया ने कहा कि नए चैंबर भवन के लिए भविष्य में हमारे पास 6-7 करोड़ की एफडी होनी चाहिए। व्यापारियों व उद्योगपतियों की विशेष बैठक बुलाकर उनसे सहयोग राशि ली जाए, जिससे चैंबर सुचारू रूप से चल सके। चैंबर संरक्षक शिवराज भंसाली ने कहा कि वर्तमान चैंबर भवन पूरनलाल अग्रवाल एवं श्रीचंद सुंदरानी के कार्यकाल में बना। नवा रायपुर का नया चैंबर भवन सतीश थौरानी के कार्यकाल में बहुत अच्छे ढंग से बनेगा।

शिथिल नहीं हुआ 50 लाख की बैंक गारंटी का नियम और शुरू हो गई पीजी की काउंसिलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एमडी-एमएस की पढ़ाई करने 50 लाख की बैंक गारंटी का नियम शिथिल नहीं हो पाया और प्रवेश के लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया शुरू हो गई। ओपीडी बहिष्कार जैसे आंदोलन के बीच चिकित्सा छात्रों को नियम शिथिल करने का आश्वासन मिला था। पचास लाख की राशि को 20 लाख करने और जमीन संबंधी दस्तावेज के बदले शपथपत्र को मान्य करने की डिमांड की जा रही थी।

मेडिकल पीजी में एडमिशन के दौरान चिकित्सा छात्रों को बांड सेवा के लिए बैंक गारंटी जमा करने का नियम है। इसके लिए चिकित्सा छात्रों को पचास लाख की बैंक गारंटी अथवा उतने मूल्य की संपत्ति के दस्तावेज बंधक रखने पड़ते है। इस राशि को बहुत ज्यादा मानते हुए तर्क दिया जाता है कि हर छात्र की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं होती। इसकी वजह से योग्य होने के बाद भी उन्हें पढ़ाई से पीछे हटना पड़ता है। इस बात को लेकर पिछले दिनों हुए आंदोलन के दौरान चिकित्सा छात्रों ने बांड राशि कम करने की मांग करते रहे। उनके स्टाइपेंड की मांग को पूरा किया गया था इस दौरान बांड नियम के संबंध में उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया था। मांगों पर अब तक किसी तरह का ठोस निर्णय नहीं लिया गया और काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है, इसे लेकर चिकित्सा छात्रों में नाराजगी नजर आने लगी है।



- ओपीडी बहिष्कार के दौरान मिला था चिकित्सा छात्रों को आश्वासन
- राशि 20 लाख और दस्तावेज के बदले शपथपत्र मान्य करने की थी मांग

तत्काल निर्णय लेने की आवश्यकता

इस मामले में जूनियर डाक्टर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डा. रेशम सिंह, रायपुर अध्यक्ष डा. पीयूष श्रीवास्तव तथा सीजीडीएफ के अध्यक्ष डा. हीरा सिंह ने कहा कि शासन को इस पर तत्काल फैसला लेने की जरूरत है। इसकी वजह से अनेक छात्र उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने कहा कि आंदोलन के दौरान कुछ अन्य मांगों पर भी आश्वासन दिया गया था जिस पर अब तक कार्रवाई नहीं हुई है।

गहवई निलंबित, स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात

स्वास्थ्य संचालनालय के उपसंचालक डा. धर्मेन्द्र गहवई के निलंबन का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इसे लेकर जूनियर डाक्टर एसोसिएशन, छत्तीसगढ़ इन-सर्विस डाक्टर एसोसिएशन और छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन के प्रतिनिधि स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मुलाकात करेंगे। डाक्टरों का तर्क है कि गहवई को इसलिए निलंबित किया गया है क्योंकि वे चिकित्सकीय कैडर में राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों को पदस्थ किए जाने के मामले याचिका दायर करने वाली टीम में शामिल है।

विसर्जन कुंड के चारों ओर लगा ढांचों का ढेर कुंड से गंदा पानी निकालने मोटर पंप लगाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जोन-8 कमिश्नरी ने अनुबंधित ठेकेदारों को सफाई के दिए निर्देश

शहरभर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन का कार्य पूरा होने के बाद भी रायपुरा के महादेवघाट के समीप नगर निगम द्वारा बनवाए गए विसर्जन कुंड के चारों तरफ किनारे में ढांचों का ढेर लग गया है, जिसमें बांस की खपच्ची, सजावट में प्रयुक्त सामग्री, पैरा, रस्सियां सहित विसर्जन के दौरान छोड़ी गई अन्य तरह की सामग्री यहां-वहां बिखरी पड़ी है। नगर निगम जोन-8 कमिश्नरी ने विसर्जन कुंड से गंदा पानी बाहर निकालने स्थल पर मोटर पंप लगाकर पानी खींचने का काम शुरू कराया है। पानी बाहर निकालने के बाद बाद कुंड की तलछटी की गंदगी को साफ कर खारुन नदी का स्वच्छ पानी इसमें भरा जाएगा। जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल ने अनुबंधित ठेकेदार को कर्मचारी लगाकर कुंड के आसपास जमा ढांचों के ढेर को वहां से हटाकर सुरक्षित परिवहन कराने निर्देशित किया है। राजधानी में 20 से 24 अक्टूबर तक महादेवघाट के विसर्जन कुंड में 1100 से अधिक दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। प्रतिमा विसर्जन के दौरान बड़ी मात्रा लकड़ियों से बने ढांचे, मिट्टी, पूजन सामग्री सहित अन्य तरह के अवशेष कुंड स्थल के आसपास छोड़ने से इन दिनों वहां ढांचों का ढेर और गंदगी बिखरी हुई है, जिसे अभी साफ नहीं किया गया है। इसी ढेर में आसपास के बच्चे अपने काम की सामग्री ढूंढते देखे जा सकते हैं।

- दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के बाद कुंड के आसपास ढांचों का लगा ढेर, फैली गंदगी





2 लाख 11 हजार में बिका था विसर्जन कुंड का ढांचा

गणेशोत्सव में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के बाद आयुक्त के आदेश पर जोन-8 कमिश्नरी ने गणेश और दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान निकलने वाले ढांचों के ढेर की नीलामी कराने टेंडर निकाला। इस टेंडर में 7 ठेकेदारों ने दिलचस्पी दिखाते हुए भाग लिया। इस बार 2 लाख 11 हजार रुपए में विसर्जन कुंड का ढांचा बिका है। यह राशि पिछले साल से डेढ़ गुना ज्यादा है। अनुबंधित ठेकेदार द्वारा कुंड के आसपास जमा ढांचों के ढेर की सफाई जल्द शुरू कराई जाएगी।

न सड़कें चौड़ी न जाम से राहत, 7 सड़कों का चौड़ीकरण, 127 करोड़ का प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहरी सरकार के बजट में रायपुर शहर को जाम से राहत की घोषणा, 7 माह बाद भी काम हवा-हवाई

शहर में सकरी सड़क मार्ग के कारण जाम की स्थिति बन रही है, उन्हें सुधारने के लिए शहरी सरकार ने अपने निगम बजट 2026-27 में 7 सड़कों के चौड़ीकरण और निर्माण के लिए 127 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा।

दावा ये किया गया कि निगम के इस फैसले से शहर में ट्रैफिक का दबाव कम होगा साथ ही वैकल्पिक मार्ग विकसित होंगे और प्रमुख इलाकों के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होगा। जिन क्षेत्रों में यह काम प्रस्तावित है , वहां बीते कुछ वर्षो से आबादी और यातायात दोनों तेजी से बढ़े हैं, जिससे रोजमर्रा की आवाजाही प्रभावित हो रही है।

इन क्षेत्रों में सड़क निर्माण और चौड़ीकरण की योजना

केनाल रोड 2.0

कलर्स मॉल के पीछे से भाठागांव मार्ग तक 4.5 किलोमीटर तक सड़क निर्माण के लिए 20 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इससे एनएच 53 पर ट्रैफिक जाम में कमी आएगी, साथ ही नई कनेक्टिविटी प्रदान करेगा।



मनुआस रियलिटी से महादेवघाट तक मार्ग

2.1 किलोमीटर सड़क निर्माण और चौड़ीकरण के लिए 30 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया। इससे रायपुरा से महादेवघाट रोड पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा और लोगों को सुगम आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होता।

कचना क्रॉसिंग से सेंट जेवियर होते हुए वीआईपी रोड तक सड़क चौड़ीकरण

यह मार्ग कचना, अवंतिविहार, खम्हारडीह को सीधे जीई रोड और वीआईपी रोड से जोड़ेगा, जिससे आंतरिक मार्गों में ट्रैफिक का दबाव कम होगा। पर सड़क चौड़ीकरण संबंधी कार्य अभी तक नहीं होने से इसका लाभ शहरवासियों को नहीं मिल पाया है।

पंडरी कपड़ा मार्केट से सीधी सड़क पंडरी मुख्य मार्ग तक सड़क निर्माण

इसके लिए 4 करोड़ रुपए का प्रावधान निगम बजट में किया गया है। इस मार्ग के निर्माण से कपड़ा मार्केट क्षेत्र में यातायात के दबाव में कमी आएगी।

आमापारा चौक से हिंद स्पोर्टिंग मैदान तक सड़क चौड़ीकरण

शहर के आमापारा चौक से लाखे नगर हिंद स्पोर्टिंग मैदान तक सड़क चौड़ीकरण की योजना है इसके लिए 5 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इससे आमापारा, सारथी चौक, लाखे नगर क्षेत्रों आए यातायात के दबाव में की आएगी।

टाटीबंध से आरडी तिवारी स्कूल सड़क चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण

टाटीबंध से आमापारा के पंडित आरडी तिवारी स्कूल तक के सड़क चौड़ीकरण करने और सौंदर्यीकरण के लिए बजट में 18 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। सड़क चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण का कार्य होने से इस मार्ग में सुगम आवागमन की सुविधा लोगों को मिलने लगेगी।

एसएमसी हॉस्पीटल से ब्रम्हाकुमारी मुख्य मार्ग सड़क चौड़ीकरण

मोवा क्षेत्र स्थित एसएमसी हॉस्पीटल से ब्रम्हाकुमारी मुख्य मार्ग तक सड़क चौड़ीकरण और पुलिया निर्माण के लिए 30 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया। इस मार्ग का निर्माण होने से शंकरनगर, मोवा, दलदल सिवनी, सड्डू और कचना क्षेत्रों में यातायात का दबाव कम होगा।



हरिभूमि

रायपुर, सोमवार 26 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



सिटी इवेंट

पारंपरिक खेलों से युवाओं ने दिया नशामुक्ति का संदेश



रायपुर। रस्साकशी में जोर आजमाते, कबड्डी में दमखम दिखाते और गिल्ली-डंडा खेलते युवाओं ने रविवार को पारंपरिक खेलों के जरिए नशामुक्त जीवन का संदेश दिया। छत्रपति शिवाजी महाराज आउटडोर स्टेडियम, बूढ़ा तालाब में माय भारत और भारतीय खेल प्राधिकरण की संयुक्त पहल पर आयोजित कार्यक्रम में 150 से अधिक युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में युवाओं ने खेलों से जुड़ने और नशे से दूर रहने का संकल्प लिया। इसकी थीम 'पारंपरिक खेल हमारी विरासत, हमारे खेल, हमारा गौरव' रखी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को भारतीय खेल परंपराओं से जोड़ने के साथ शारीरिक सक्रियता, अनुशासन और नशामुक्त जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था। आयोजन में रस्साकशी, कबड्डी और गिल्ली-डंडा के साथ योग एवं रस्सी कूद जैसी गतिविधियां भी हुईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने की। इस अवसर पर माय भारत के राज्य निदेशक अर्पित तिवारी, सहायक निदेशक रमन पटेल, साई के हाई परफॉर्मेंस कोच कुशल चंद्र त्रिपाठी, सतीश दुबे, रेणु पारिक, दुर्गा महाविद्यालय की सुनीता चंसोरिया, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. राजीव चौधरी और साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ महेंद्र राजपूत उपस्थित रहे।

नुक्कड़ नाटक से बताए नशे के दुष्प्रभाव

कार्यक्रम के दौरान दुर्गा महाविद्यालय के माय भारत स्वयंसेवकों ने नशामुक्ति पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इसके माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों को सामने रखते हुए युवाओं को स्वस्थ जीवन अपनाने और नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया गया। अंत में सभी प्रतिभागियों ने नशामुक्ति की शपथ ली। उन्होंने स्वयं नशे से दूर रहने, दूसरों को जागरूक करने और नशामुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम ने संदेश दिया कि पारंपरिक खेलों और अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़कर युवा स्वस्थ जीवनशैली अपना सकते हैं और विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

आदि बाजार में 12 राज्यों के 80 जनजातीय कारीगरों की हस्तशिल्प कला का अनोखा संग्रह

ओडिशा की अनूठी दीवार कला पेंटिंग ने खींचा ध्यान बंगाल की कांथा कढ़ाई साड़ियों की पूछपरख अधिक



कचहरी चौक स्थित टाउन हॉल में आदि बाजार-2026' राष्ट्रीय जनजातीय हस्तशिल्प प्रदर्शनी और बिक्री मेला लोगों के आकर्षण का केंद्र बन रहा है। त्योहारी सीजन में बड़ी संख्या में रायपुरियंस आदि बाजार में जनजातीय हस्तशिल्प कारीगरों द्वारा तराशी गई कलाकृतियों की खरीदारी करने पहुंच रहे हैं। केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय के अधीन ट्राइफेड द्वारा आयोजित इस मेले में देश के 12 राज्यों से करीब 80 जनजातीय कारीगर पहुंचे हैं, जिन्होंने 40 स्टॉल लगाए हैं।







अनूठी दीवार कला और जगमगाती संबलपुरी साड़ियां

मेले में पहुंचे ओडिशा के जनजातीय कारीगरों ने बताया कि संबलपुरी साड़ी ओडिशा के हथकरघा वैभव की पहचान है, जो अपनी अनूठी बुनाई तकनीक के लिए जानी जाती है। कारीगरों ने बताया कि सौरा पेंटिंग और संबलपुरी साड़ी सौरा जन-जाति की अनूठी दीवार कला है। साड़ियों पर बनी यह पेंटिंग्स ज्यामितीय आकृतियों, इंसानों, जानवरों और प्रकृति के तालमेल को दर्शाती हैं। इन्हें मुख्य रूप से लाल मिट्टी की दीवारों पर सफेद चावल के पेस्ट से बनाया जाता है। पट्टचित्र कला वैसे तो यह कपड़े पर की जाने वाली कला है, लेकिन ओडिशा के रघुराजपुर जैसे गांवों में इसे घरों की बाहरी दीवारों पर भी देखा जा सकता है। इसमें भगवान जगन्नाथ, पौराणिक कथाओं और कृष्ण लीला का जीवंत चित्रण होता है।

रायपुर। सुबह 10 बजे से लेकर देर रात तक हर वर्ग के लोग घरों के लिए सजावटी सामान, परिवार एवं स्वयं के लिए वस्त्र, साज-श्रृंगार की मनपसंद सामग्रियों की खरीदारी कर रहे हैं। आदि बाजार की खास कलाकृतियां और आकर्षण में छत्तीसगढ़ का ढोकरा शिल्प और कोसा सिल्क की साड़ियां महिलाओं की पहली पसंद बन रही है। यह स्थानीय कलाकारों द्वारा बनाई गई बेल मेटल की खूबसूरत मूर्तियां और पारंपरिक कोसा सिल्क की साड़ियां आकर्षण का मुख्य केंद्र बना हुआ है। मेले में सजे 40 स्टॉलों पर भारत की सांस्कृतिक विविधता साफ झलक रही है। यहां छत्तीसगढ़, ओडिशा, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, राजस्थान, झारखंड और पूर्वोत्तर राज्यों, आंध्र प्रदेश से आए जनजातिय कारीगरों के पारंपरिक हस्तशिल्प कला कृतियों के जादुई सजावटी सामान इस प्रदर्शनी की शोभा बढ़ा रहे हैं। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोगों के लिए इन प्रदेशों के जनजातिय क्षेत्रों से उत्पादित अराकु कॉफी और जैविक वनोपज भी बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। इस तरह से एक ही बाजार में लोगों को देश भर से जनजातीय कला का अनोखा संग्रह किया गया है।

पारंपरिक जाली की कारीगरी लुभाती है

आदि बाजार में मध्य प्रदेश की गोंड पेंटिंग और बाघ प्रिंट की पारंपरिक गोंड जनजातीय कलाकृतियां, बाघ प्रिंट के परिधान और प्रसिद्ध माहेश्वरी साड़ियां खरीदारों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। इनके कलाकृतियों में रासायनिक रंगों की जगह वनस्पतियों और प्राकृतिक तत्वों का उपयोग होता है। छपाई के बाद कपड़ों को बाघिनी नदी के बहते पानी में धोया जाता है, जिससे रंगों में चमक और निखार आता है। इसमें ज्यामितीय पैटर्न, फ्लोरल और पारंपरिक जाली की कारीगरी लोगों को लुभाती है।

जूट से बने ईको-फ्रेंडली बैग

पूर्वोत्तर और उत्तर प्रदेश के बांस-बेंत उत्पादों से बनी कलाकृतियों में असम और पूर्वोत्तर राज्यों के कारीगरों द्वारा बनाए गए बांस के सजावटी सामान, फर्नीचर और उत्तराखंड के विशेष बांस उत्पाद, पश्चिम बंगाल की कांथा कढ़ाई व झारखंड के जूट उत्पाद और उन कपड़ों पर की गई बारीक कांथा कढ़ाई और जूट से बने ईको-फ्रेंडली बैग और सामग्रियां। ऑर्गेनिक उत्पाद में आंध्र प्रदेश की मशहूर अराकु वैली कॉफी और शुद्ध जनजातीय शहद लोगों को खूब भा रहा है।

लाइव इवेंट

शास्त्रीय नृत्य-संगीत में पारंगत प्रतिभागियों ने मनमोहक प्रस्तुति से बांधा समां

रायपुर। ऑल इंडिया डांसर्स एसोसिएशन द्वारा नटवर गोपीकृष्ण राष्ट्रीय पुरस्कार एवं नृत्यानंदलहरी उत्सव- 2026 का आयोजन किया गया है। यह आयोजन गांधी मैदान स्थित रंगमंदिर ऑडिटोरियम में किया गया है। यह उत्सव संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार तथा नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय दुर्ग के सहयोग से किया जा रहा है। रविवार को आयोजन के दसवें दिन देश भर से पहुंचे भारतीय शास्त्रीय नृत्य में पारंगत प्रतिभागियों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से समां बांधा।

दिनभर चले नृत्य कार्यक्रम में देशभर से आए शास्त्रीय नृत्य विद्या के कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। भरतनाट्यम, कथक, कुचिपुड़ी और ओडिसी सहित विभिन्न शास्त्रीय नृत्य शैलियों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भारतीय सांस्कृतिक परंपरा की विविधता और समृद्धि से परिचित कराया। कलाकारों की भावपूर्ण अभिव्यक्ति, आकर्षक पदसंचालन, लयकारी और नृत्य की तकनीकी उत्कृष्टता ने रंगमंदिर के वातावरण को संगीतमय बना दिया।

इसी क्रम में जयस्तंभ चौक स्थित होटल आदित्य में तलत महमूद सम्मान के लिए संगीत प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें लगभग 120 संगीत प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन मुंबई से आए प्रशांत मंगलमपल्ली, भिलाई की टीना अधिकारी तथा रायपुर के कमल लोचन साहू ने किया। प्रतिभागियों ने अपनी गायन प्रतिभा और संगीत साधना से निर्णायकों एवं उपस्थित दर्शकों को प्रभावित किया।





युवा एवं बाल कलाकारों की उत्साहपूर्ण भागीदारी

आयोजन के प्रत्येक प्रस्तुति में भारतीय शास्त्रीय नृत्य की विशिष्ट शैली, परंपरा और आध्यात्मिक भावनाओं की सुंदर झलक देखने को मिली। युवा एवं बाल कलाकारों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने यह संदेश दिया कि भारतीय शास्त्रीय नृत्य की परंपरा नई पीढ़ी के बीच निरंतर विकसित हो रही है। इस नृत्य प्रतियोगिता के मूल्यांकन के लिए विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित कला विशेषज्ञों को निर्णायक मंडल उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता का निर्णायक मंडल

नृत्य प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में अद्रिजा पैनिकर, मालिका पैनिकर, आसिफ हुसैन, दीपा कार्था सहित अन्य प्रतिष्ठित कला विशेषज्ञ शामिल रहे। महोत्सव की संध्या नृत्यानंदलहरी के अंतर्गत प्रतिष्ठित कलाकारों की प्रस्तुतियों से सजी। प्रख्यात नृत्याचार्य डॉ. जी रतीश बाबू और वरिष्ठ नृत्यांगना बिजुला बालकृष्णन ने अपनी अद्भूत कला प्रस्तुतियों से मंत्रमुग्ध किया।

एक महीने में 30 छात्राओं ने सीखी ब्यूटी पार्लर और हेयर स्टाइलिंग एक्सपर्ट की कला

रायपुर। डॉ. राधाबाई शासकीय नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक माह का ब्यूटी पार्लर का कोर्स संचालित किया गया। यह कोर्स महाविद्यालय के छात्राओं के कौशल विकास एवं रोजगार सृजन के उद्देश्य से किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनोद जोशी के मार्गदर्शन एवं संस्थान के स्टैप सेल, आईक्यूएसी के माध्यम से खेल विभाग द्वारा संचालित किया गया। प्राचार्य ने बताया कि यह कोर्स छात्राओं के लिए निशुल्क आयोजित किया गया। वहीं एक महीने के ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का आयोजन कलेक्टर मद से प्राप्त राशि 4,50,000 से किया गया। ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण के माध्यम से स्किन केयर, हेयर स्टाइलिंग, मेकअप और नेल आर्ट जैसी कई स्किल्स सीखाया गया।



प्रशिक्षण संचालन में इनकी रही भागीदारी

कार्यक्रम का सफल संचालन महाविद्यालय की क्रीड़ा अधिकारी रेबेका बेन ने किया। आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. प्रीति श्रीवास्तव, स्टैप सेल की सदस्य डॉ. श्रद्धा मिश्रा, डॉ. श्वेता अग्निवंशी, नैनी तांडी एवं डॉ. निशा बारले ने कोर्स संचालन में भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में महाविद्यालय विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक तथा अतिथि व्याख्याता एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वीके जोशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि कोर्स संचालित करने का मुख्य उद्देश्य छात्राओं का कौशल विकास करना एवं स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना रहा। प्रशिक्षण में 30 छात्राओं ने भाग लिया एवं नियमित रूप से कोर्स को पूरा किया। सभी को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. मनीषा शर्मा ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद छात्राएं खुद का ब्यूटी सैलून या पार्लर खोल सकती हैं और आर्थिक तौर पर आत्मनिभर बन सकेंगी। ब्यूटी इंडस्ट्री में रोज नए ट्रेंड्स और प्रोडक्ट्स आते हैं। प्रशिक्षण के जरिए आधुनिक तकनीक और उपकरणों से अवगत कराया गया है।

बच्चों ने बनाए दीपक और लैंप, रोशन करेंगे अपने घर

रायपुर। होली हार्ट्स सिविल लाइन में 'दीपावली खुशियों वाली' का आयोजन विद्यालय प्रांगण में किया गया। इससे कैंपस भी आकर्षक सजावट से सुशोभित नजर आया। अभिभावक-शिक्षक बैठक के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा अपने हाथों से सजाए गए दीपक, तोरण, आकर्षक लैंप एवं आर्ट एंड क्राफ्ट की वस्तुओं की प्रदर्शनी सजाई। विगत कई सत्रों से चल रही इस सराहनीय पहल के अंतर्गत इस सत्र में भी विद्यार्थियों ने कार्यक्रम के लिए कई दिनों से विशेष तैयारियां की। अपनी कलात्मक प्रतिभा के माध्यम से बच्चों ने दीपावली की सजावटी वस्तुओं को सुंदर रूप दिया। अभिभावक अपने बच्चों की कलाकृतियों को देखकर उत्साहित हुए और सजावटी सामग्री खरीदने में रुचि दिखाई। इसके साथ, प्रांगण में वाद्ययंत्रों को भी आकर्षक ढंग से सजाया गया।



ब्लाइंड स्कूल में बच्चों के लिए खरीदी जाएगी जरूरी सामग्री

'दीपावली खुशियों वाली' केवल एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि सेवा, संवेदना और मानवीय मूल्यों का संदेश देने वाला एक सराहनीय काम है। बच्चों के हाथों से सजे दीपक इस दीपावली में उनके अपने घरों को रोशन करने के साथ जरूरतमंदों के जीवन में खुशियों का उजाला फैलाने का माध्यम बनेंगे। संस्था के चेयरमैन आचार्य सुरेंद्र प्रताप सिंह ने आगे बताया कि कार्यक्रम से प्राप्त राशि और संस्था की तरफ से अतिरिक्त राशि मिलाकर ब्लाइंड स्कूल में बच्चों के लिए जरूरी सामग्री खरीदी जाएगी। प्राचार्य नीपा चौहान, हेडमिस्ट्रेस शालिनी अग्रवाल, वाइस प्रिंसिपल कमल किशोर अग्रवाल, आर्ट एवं क्राफ्ट प्रभारी श्यामा शर्मा और कुनाल मानिकपुरी के मार्गदर्शन में आयोजन हुआ।

कार्नर न्यूज

गोलबाजार सहित सभी स्थानीय मार्केट में तैयारी का असर

करवा चौथ से पहले संडे को खरीदी ने बढ़ाई रौनक

सुहाग की दीर्घायु कामना के लिए करवा चौथ से पहले संडे को बाजारों में कुछ ज्यादा ही रौनक है। महिलाएं व्रत और पूजा की तैयारियों के साथ पारंपरिक कपड़े, साड़ियों, श्रृंगार का सामान और करवा चौथ के लिए पूजा सामग्री की खरीदारी में जुटी। कामकाजी महिलाएं इसलिए भी बाजार में पहुंची, क्योंकि करवा चौथ से पहले उन्हें खरीदी के लिए समय निकालना भी संभव नहीं होगा। वहीं दूसरी तरफ अलग-अलग संस्थाओं और समाज से जुड़ी महिलाओं ने इंवेट के लिए स्थान और थीम को अंतिम रूप दिया। करवा चौथ व्रत करने वाली सुहागिनों का यह संडे खरीदी और आयोजन की तैयारी में बीता।

सुहागिनों ने इवेंट के लिए तय किया स्थान और थीम





श्री खाटू श्याम मंदिर में होगा पूजा उत्सव

समता कालोनी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में गुरुवार को श्याम सत्संग महिला मंडल द्वारा पारंपरिक अंदाज में करवा चौथ पूजा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। पूजा उत्सव में शामिल होने वाली महिलाओं के बीच नई बहूओ को परंपरा से जोड़ने के लिए उनसे श्रृंगार सामग्री की थाली एक दूसरे को दी जाती है। ज्योति अग्रवाल ने बताया कि पारंपरिक परिधान,सोलह श्रृंगार के साथ प्रतियोगिताएं होंगी। पूजा उत्सव के बीच में मंडल से जुड़ी वरिष्ठ महिलाएं नई पीढ़ी की बहुओं को परिवार, समाज और संस्कार की जानकारी साझा करेंगी।

रायपुर। शहर के गोल बाजार और पंडरी जैसे प्रमुख बाजारों में करवा चौथ की खरीदारी के लिए महिलाओं की भारी भीड़ देखने को मिली। बाजार में रंग-बिरंगी छलनी, मिट्टी के करवे, सुहाग की थालियां, चूड़ियां और मेंहदी के नए डिजाइन आकर्षण का केंद्र रहे। आगामी गुरुवार को व्रतधारी महिलाएं विभिन्न स्थानों जैसे सिख्खल ग्रीन्स एंड फॉर्म्स, सेरीखेड़ी में महिलाओं द्वारा सामूहिक करवा चौथ मिलन और पूजन समारोहों का आयोजन किया जाता है। जहां महिलाएं मेंहदी लगवाकर और संगीत के साथ उत्सव मनाने समूह में आयोजन करती हैं। इसका असर बाजार में भी देखने को मिला। अलग-अलग कालोनियों और सोसायटियों सहित अपार्टमेंट में करवा चौथ सेलिब्रेशन के लिए थीम तय की जाती है। इसके अनुरूप माहौल देने के लिए बाजार में खरीदी के लिए भी महिलाएं समुह में पहुंची।

पंजाबी सनातन सभा की महिलाओं की तैयारी

छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा की महिला मंडल और युथ विंग की संयुक्त पहल पर इस बार गुरुवार को जोरा स्थित पंजाब केसरी भवन के एसी हॉल में 20-20 महिलाओं को समूह में करवा चौथ पर समूह में पूजा करने का अवसर देने के लिए अल्का मोदी, प्रिया टावरे और विभूति अरोरा ने तैयारी की है। दोपहर में होने वाले इस आयोजन को खास बनाने के लिए पूजा में शामिल होने वाले कई समूहों ने आयोजकों को जानकारी दी है। इसमें अलग-अलग थीम बेस्ट लकी ड्रा भी किए जाते हैं। समाज की महिलाओं को आयोजन सहित संस्कारों से जोड़ने का दायित्व सनातन सभी की वरिष्ठ महिलाएं निभाती है, ताकि परंपराओं का क्रम आगे भी अनवरत् जारी रहे।

गोल्डन टावर के क्लब हाउस में आयोजन

अमलीडीह स्थित गोल्डन टावर के क्लब हाउस में इस साल भी सामूहिक रूप से करवा चौथ पूजा के लिए आयोजन की तैयारी है। शाम को साढे चार बजे से चांद निकलने के बीच सेलिब्रेशन किया जाता है। रिंकी पुरोहित ने बताया कि इसमें करीब 30 महिलाएं शामिल होती है। इस बार उत्सव को खास बनाने के लिए पूजा-अर्चना की व्यवस्था के साथ ही सुहागिनों के बीच अलग-अलग प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। इसमें गेम्स के साथ ही कई केटेगरी में प्रोत्साहित भी किया जाता है। इसके लिए महिलाओं ने आपसी संवाद के जरिए जिम्मेदारी भी तय की है, ताकि करवा चौथ के अवसर पर विधिवत पूजा अर्चना का अवसर मिल सके।

सिटी लाइव

मेडिकल सेंटर ने किया ' राइड फॉर अ कॉज, साइक्लोथॉन' का आयोजन



रायपुर। स्तन कैंसर के प्रति लोगों को सजग करने के लिए जागरूकता माह के अवसर पर बालको मेडिकल सेंटर द्वारा रायपुर में 'राइड फॉर अ कॉज, साइक्लोथॉन 2026' का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना, समय पर जांच एवं शीघ्र पहचान के महत्व को बताने के साथ ही स्वस्थ जीवनशैली के प्रति लोगों को प्रोत्साहित करना था। इस साइक्लोथॉन को र कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने फ्लैग ऑफ करके रवाना किया। साथ ही इस अभियान के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया और स्तन कैंसर के प्रति व्यापक जनजागरूकता के लिए समुदाय की भागीदारी को जरूरी बताया। इसमें कई साइक्लिंग समूहों के साथ एक हजार 1 से अधिक लोगो में स्वास्थ्यकर्मियों, मीडिया प्रतिनिधियों, कॉर्पोरेट कर्मचारी भी उत्साह से शामिल हुए।

महिला ई-रिक्शा चालकों ने लिया हिस्सा

इसमें बालको मेडिकल सेंटर की मेडिकल डायरेक्टर डॉ. भावना सिरोही ने कैंसर के सफल उपचार में शीघ्र पहचान की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने महिलाओं से अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और नियमित रूप से जांच कराने की अपील की। उन्होंने बताया कि स्तन कैंसर की समय पर पहचान होने पर उपचार के परिणाम बेहतर होते हैं और कई मामलों में यह पूरी तरह ठीक हो सकता है। अभियान में एनआरडीए के अंतर्गत विहान ग्रुप से जुड़ी लगभग 10 महिला ई-रिक्शा चालकों ने भी हिस्सा लिया और साइक्लोथॉन के माध्यम से स्तन कैंसर जागरूकता के संदेश का समर्थन किया। 'राइड फॉर अ कॉज, साइक्लोथॉन' के माध्यम से स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने, समय पर जांच एवं शीघ्र पहचान को प्रोत्साहित किया।

सिटी लाइव

श्याम नगर की पहचान बनी मां गौरा गौरी की प्रतिमा, देश-विदेश तक चर्चा



रायपुर। राजधानी के श्याम नगर में इस वर्ष नवरात्रि के अवसर पर स्थापित मां दुर्गा की भव्य व मनमोहक प्रतिमा लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी। श्री गौरा-गौरी दुर्गोत्सव समिति द्वारा स्थापित प्रतिमा की कलात्मकता, भव्यता और सजीव स्वरूप ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। प्रतिमा की चर्चा रायपुर और छत्तीसगढ़ तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया के माध्यम से देश-विदेश तक पहुंचीं। प्रतिमा की लोकप्रियता और समिति के सदस्यों के समर्पण को देखते हुए कालीमाता सेवा समिति ने श्री गौरा-गौरी दुर्गोत्सव समिति के सदस्यों का सम्मान किया। इस दौरान सभी सदस्यों को मोमेंटो, माताजी का पटका एवं श्रीफल भेंटकर उनका स्वागत किया गया। कालीमाता सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक भारद्वाज ने इस संबंध में जानकारी दी।

सोशल मीडिया पर वायरल

दीपक भारद्वाज ने बताया कि श्री गौरा-गौरी दुर्गोत्सव समिति के सदस्यों की मेहनत, समर्पण, श्रद्धा और रचनात्मक सोच ने श्याम नगर को नई पहचान दिलाई है। मां दुर्गा की प्रतिमा की मनमोहक छवि सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से वायरल हुई, जिसके बाद प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु और दर्शनार्थी श्याम नगर पहुंचकर मां के दर्शन कर रहे थे। सम्मान समारोह में पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, पार्षद संतोष सीमा साहू, अमरजीत छाबड़ा, राजकुमार श्रीवास्तव, सुभाष झा, हेमंत मुदलियार, डॉ. गोपी सचदेव, व्यास देव भोई, गुरमीत सिंह, संदीप परिहार और धीरज जोधानी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

समाज लाइव

अवधपुरी में सजाए गए डोम में श्रद्धालुओं ने की मां मातंगी की आरती



रायपुर। अवधपुरी मैदान गुढ़ियारी में मां मातंगी दिव्य धाम से आए डॉ. प्रेमसाईं जी महाराज के पांच दिवसीय भव्य दिव्य दरबार के दूसरे दिवस यानी रविवार को मां मातंगी की आरती से आयोजक ओमप्रकाश मिश्रा, कृष्णा कान्हा बाजारी सहित व्यवस्था समिति के लोग जुड़े। दरबार शुरू होने पर विधायक सुनील सोनी विशेष आमंत्रित अतिथि के रुप में दिव्य दरबार में शामिल हुए। इसमें छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा आदि से आए श्रद्धालु भी दिव्य दरबार में शामिल हुए। दिव्य धाम के पंडाल में वितरित कूपन के माध्यम से पीड़ित श्रद्धालुओं को महाराज श्री मंच में बुलाकर उनके कष्टों का जिक्र करते हुए उसका निवारण भी बता रहे थे। आज लगभग 150 श्रद्धालुओं की कूपन पर्ची निकाली गई। उनके बारे में महाराज श्री ने सही जानकारी दी।

श्रद्धालुओं से करवाया संकट काट मंत्रोच्चार

गौरा-गौरी जस-गान के समय नकारात्मक ऊर्जा से ग्रस्त महिलाएं ही नहीं कुछ पुरुष भी झूपने, चिखने-चिल्लाने लगे थे। ऐसी विचित्र आवाजें पंडाल में सुबह से रात तक कई बार सुनाई देती रहीं हैं। महाराज श्री ने संकट काट मंत्र का उच्चारण भी श्रद्धालुओं से करवाए। मां मातंगी दिव्य धाम दरबार की व्यवस्था संभालने विकास सेठिया, दीपक अग्रवाल, संजय पारिख, श्रवण शर्मा, अभिषेक अग्रवाल के साथ प्रकाश महेश्वरी, नितिन कुमार झा, सार्थक, गज्जू साहू, मुकेश तिवारी, रवि शर्मा, कमल पुरुषवानी सहित सैकड़ों सेवादार सक्रिय सहयोग दे रहे हैं। यह जानकारी मीडिया प्रभारी नितिन कुमार झा ने दी।

● रातभर अमृत वर्षा बटोरी, आज सुबह भी खीर का वितरण

शरद पूर्णिमा की दुधिया रोशनी में बनी खीर मंदिरों से लेकर चौक-चौराहों तक बंटा प्रसाद

राजधानी में शरद पूर्णिमा धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान मंदिरों में भजन-संध्या आयोजित की गई। अन्य जगह भी गीत-संगीत के विविध कार्यक्रम हुए। रात को पूनम की दुधिया चांदनी तले खीर पकाई गई और बतौर प्रसाद उसका वितरण किया गया। मंदिरों में देर रात तक भक्तों में प्रसाद का वितरण किया गया।

देर तक विभिन्न कार्यक्रम चले

इसी तरह से दिनभर मंदिर में महिलाओं ने विभिन्न तरह के खेल व पुराने गीत गाए। वहीं जवाहर नगर स्थित राधाकृष्ण मंदिर में जुगलजोड़ी राधा-कृष्ण का श्वेत श्रृंगार किया गया। रात्रि में भजन संध्या आयोजित कर रात 12 बजे भक्तों में प्रसाद बांटा गया। मंदिरों जगराता का आयोजन किया गया। इसके अलावा चौक-चौराहों में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया। रात 12 बजे खीर का वितरण मोहल्ले के लोगों में किया गया। धार्मिक मान्यता है कि इस रात चंद्रमा अपनी सभी 16 कलाओं से परिपूर्ण होता है और उसकी चांदनी अमृत के समान गुणकारी होती है।



पूर्णिमा पर गोदड़ीवाला धाम में सत्यनारायण कथा

देवपुरी स्थित पूज्य गोदड़ीवाला धाम में शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सतगुरु संत बाबा गेलाराम की महंत अम्मा मीरा देवी के सानिध्य में दोपहर 12:30 बजे भगवान सत्यनारायण की कथा और आरती हुई। इसके बाद बाबा जी की पावन मदाह साहब, सत्संग, भजन-कीर्तन, अरदास और पल्लव साहब का कार्यक्रम दोपहर 3 बजे तक चला। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ धार्मिक आयोजनों में सहभागिता की। कार्यक्रम के समापन पर संगत ने भंडारा प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम की जानकारी अमर गिदवानी और पवन प्रीतवानी ने दी।

छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज ने उत्साह से मनाया शरद पूर्णिमा महोत्सव



रायपुर। रविवार को महामाया मंदिर, अंबा मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर, में खीर का प्रसाद वितरित हुए। इसके अलावा घर के छत पर पूर्णिमा की रोशनी में प्रसाद तैयार हुए। पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर में मंदिर में शरद पूर्णिमा के प्रसाद को लेकर हर वर्ष की तरह भक्तों में इस वर्ष भी खासा उत्साह रहा। रात दस बजे शरद पूर्णिमा की रोशनी में 51 किलो खीर की तैयारी शुरू की गई। रात्रि 11 बजे श्रृंगार कर पूजा-आरती हुई और रात 12 बजे मंदिर में उपस्थित सैकड़ों भक्तों को खुले आसमान में रखे खीर प्रसाद का वितरण हुआ।

छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन और विप्र सांस्कृतिक भवन प्रबंध समिति के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज का शरद पूर्णिमा महोत्सव उत्साह मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय की कुलपति लवली शर्मा और विशिष्ट अतिथि टीपी शर्मा उपस्थित रहे। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रतिनिधि सोनम शर्मा ने लोक कलाकार राकेश तिवारी को 'गाबो बजाबो गुढ़ियाबो' के 600 एपिसोड पूरे करने पर सम्मानित किया। इस अवसर पर समाज की त्रैमासिक पत्रिका 'विप्र योग' का विमोचन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने नृत्य और संगीत की प्रस्तुति दी। इसके बाद कवि सम्मेलन में संध्या रानी शुक्ला, सुमन शर्मा बाजपेई, डॉ. सीमा निगम, इरफान खान और राकेश तिवारी ने रचनाएं सुनाईं। कवि सम्मेलन का संचालन शशि सुरेंद्र दुबे ने किया। आयोजन के संयोजक अविनाश शुक्ला रहे। कार्यक्रम के समापन पर खीर प्रसादी और सुरुचिपूर्ण भोज का आयोजन किया गया।



राठौर चौक में 251 किलो दूध और 100 किलो मेवे से बनी खीर का वितरण

शरद पूर्णिमा के अवसर पर रायपुर के राठौर चौक स्थित श्री मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर में विशाल खीर वितरण का आयोजन किया गया। यहां 251 किलो दूध और 100 किलो मेवे से तैयार खीर श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में वितरित की गई। वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में हर साल बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर में सबसे पहले सुंदरकांड का पाठ किया गया। इसके बाद राधारानी, भगवान श्रीकृष्ण और इंद्रदेव की पूजा-अर्चना की गई। भगवान को खीर का भोग लगाने और आरती के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण शुरू हुआ।

फूलों से जुगलजोड़ी का श्रृंगार : पुरानी बस्ती स्थित दूधाधारी मठ में भगवान श्रीराम की विधिवत पूजा के बाद भक्तों को खीर का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया। भगवान के दर्शन करने भक्त देर रात तक मंदिर पहुंचते रहे। महाआरती के बाद सभी भक्तों को प्रसाद में खीर दी गई। इसके अलावा टाटीबंध के इस्कॉन मंदिर, समता कालोनी के राधाकृष्ण और खाटू वाले श्याम बाबा व जवाहर नगर के राधाकृष्ण मंदिर में जुगलजोड़ी सरकार का विविध फूलों से मनमोहक श्रृंगार करके चंद्रमा की रोशनी में रखी खीर का भोग लगाया गया।

जलकुंभी के सफेद फूलों से निखरी दलदल की खूबसूरती



रायपुर। नंदनवन स्थित अटारी के दलदली क्षेत्र में इन दिनों जलकुंभी पर खिले सफेद फूल लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। बड़ी संख्या में खिले इन फूलों से दलदल का नजारा बेहद खूबसूरत नजर आने लगा है। प्रकृति के इस मनमोहक दृश्य ने क्षेत्र की सुंदरता में चार चांद लगा दिए हैं। *फोटोः हरिभूमि*

गौमाता को 'राष्ट्रमाता' का मान दिलाने के लिए किया सम्मेलन

रायपुर। गौ माता की सुरक्षा, गौ माता को 'राष्ट्रमाता' का मान दिलाने जैसे विषय को लेकर सम्मेलन किया गया। देशभर में गौ-हत्या पर प्रतिबंध लगाने और राष्ट्रीय स्तर पर कठोर गौ-संरक्षण कानून बनाने की मांगों को लेकर समता कॉलोनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ हॉल में एक भव्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में देशभर से गौ-माता की निस्वार्थ सेवा करने वाले, गौ-संवर्धन में जुटे एवं राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने के लिए संघर्षरत प्रमुख संत, महंत तथा प्रबुद्ध जन सम्मिलित हुए और अपने विचार रखे। सम्मेलन के दौरान वातावरण गरिमामय रहा। गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्याम बैस, सदाशिव हथमल, शैलेश वर्मा, राजेंद्र स्वर्णकार के नेतृत्व में ट्रस्टियों एवं सभी गायत्री परिजनों ने सम्मेलन की अगुवाई की। गौ माता के अधिकारों, संरक्षण और सम्मान दिलाने के लिए प्रयासरत अतिथियों, संतों का मंच पर अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह एवं माल्यार्पण, अभिनंदन करते हुए गायत्री परिवार ने सम्मान किया।



गौ सेवकों ने मंच से साझा किए अनुभव

इस सम्मेलन में देश के कोने-कोने से पहुंचे समर्पित गौ-सेवकों की सेवाओं की सराहना की गई। मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्री बैस एवं गायत्री परिजनों ने मंच से उन सभी गौ-रक्षकों व गौ-सेवकों का सम्मान किया, जो दिन-रात गौ-वंश की रक्षा और संवर्धन के लिए प्रयासरत हैं। गौ-सेवकों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि गौ-सेवा केवल एक धार्मिक कार्य नहीं बल्कि राष्ट्र रक्षा, पर्यावरण संतुलन और भारत की कृषि अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। गौ-सेवकों का संघर्ष समाज को नई दिशा दे रहा है। इनके प्रयास को शासन-प्रशासन को भी गंभीरता से लेना चाहिए। श्री बैस ने कहा 17 दिसंबर को आयोजित होने वाले विशाल जन-जागरण अभियान को सफल बनाया जाए। सम्मान के दौरान वरिष्ठ परिव्राजक अजय साहू, कोमल साहू, हर्षवर्धन, परस, नरेन्द्र आडिल के साथ गायत्री परिजन भी शामिल हुए।

शरदोत्सव वर्ष 2026 का शुभारंभ, दयोदय महासंघ को मिला महाकवि आचार्य विद्यासागर अलंकरण

शरदोत्सव में नृत्य के जरिए साकार हुई गुरु भक्ति पूजन के विभिन्न चरणों की दी आकर्षक प्रस्तुति

कार्नर न्यूज

रायपुर। समाधिस्थ राष्ट्रसंत आचार्य श्री 108 विद्यासागरजी महाराज और वर्तमान परंपराचार्य आचार्य श्री 108 समयसागरजी महाराज के अवतरण महापर्व के अवसर पर रविवार को दो दिवसीय शरद पूर्णिमा महामहोत्सव 'शरदोत्सव वर्ष 2026' की शुरुआत हुई। वीआईपी रोड स्थित श्री राम मंदिर परिसर के वाल्मीकि सभागार में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत ब्रह्मचारी सुनील के निर्देशन में भक्तामर पाठ से हुई। आयोजन में गुरु-वंदना, नृत्य के जरिए पूजन, आरती और सम्मान समारोह आयोजित किए गए। मुनि श्री 108 आगम सागरजी मुनिराज, मुनि श्री 108 पुनीत सागरजी मुनिराज, ऐलक श्री 105 धैर्य सागरजी महाराज और ऐलक श्री 105 स्वागत सागरजी महाराज के मंगल आशीर्वाद और सानिध्य में महोत्सव मनाया जा रहा है।

गुरु का विशाल हृदय सभी के लिए प्रेरणा

मंगल प्रवचन में मुनि श्री आगम सागरजी ने आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज के व्यक्तित्व और उदारता का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि गुरु का हृदय कोमल और विशाल है। वे सभी को स्वीकार करते हैं। उनके शिष्य होने के नाते हमें भी सभी को स्वीकार करने और उदार भाव रखने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने जीवदया के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि निराश्रित गोवंश को आश्रय देना और उनकी देखभाल करना करुणा व सेवा का महत्वपूर्ण कार्य है।





नृत्य के जरिए हुई भव्य पूजन

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिनालयों से आए महिला मंडलों ने नृत्य के माध्यम से गुरुदेव की पूजन के अलग-अलग चरणों की प्रस्तुति दी। जल, चंदन, अक्षत, पुष्प, नैवेद्य, दीप, धूप और अर्घ्य सहित धार्मिक विधियों को कलात्मक रूप में प्रस्तुत किया गया। भक्ति और नृत्य के संगम ने श्रद्धालुओं को आकर्षित किया। पूजन एवं नृत्य प्रतियोगिता में श्री नेमिनाथ जिनालय आदर्श महिला मंडल, राजनांदगांव ने पहला स्थान प्राप्त किया। दुर्ग के श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर, स्टेशन रोड के मंडल को दूसरा और रायपुर के बड़ा मंदिर महिला मंडल को तीसरा स्थान मिला। आरती सजाओ प्रतियोगिता में श्रीमती राखी रोहित जैन प्रथम रहीं। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

जीवदया के लिए दयोदय महासंघ सम्मानित

महाकवि आचार्य विद्यासागर अलंकरण' से जीवदया और गौवंश संरक्षण के क्षेत्र में कार्यों के लिए दयोदय महासंघ को सम्मानित किया गया। महासंघ के अध्यक्ष प्रेमचंद जैन प्रेमी, सतना ने सम्मान ग्रहण किया। कार्यक्रम में सकल दिगम्बर जैन समाज, रायपुर के अध्यक्ष संजय जैन नायक और नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष सूर्यकान्त राठौर सहित समाज के सदस्य उपस्थित रहे। दूसरे दिन सोमवार को शंकर नगर स्थित श्री चंद्रप्रभ जिनालय में सुबह 6:30 बजे जिन अभिषेक, शांतिधारा, पूजन और आचार्य छत्तीसी विधान होगा। शाम 7 बजे संगीतमय मंगल आरती, भक्ति संगीत और डांडिया का आयोजन किया जाएगा।


अनिल शर्मा का स्वागत करते हुए मूलचंद कश्यप मार्केटिंग हरिभूमि


राहुल देव का स्वागत करते हुए मनदीप सिंह चावला शेमरोक ओवरसीज लिमिटेड


मनदीप सिंह चावला का स्वागत करते हुए आदर्श श्रीवास्तव


देवेंद्र कुमार तिवारी का सम्मान करते हुए संजय बनवासी मार्केटिंग हेड आईएनएच


प्रदीप अग्रवाल का स्वागत करते हुए अनिल गहलावत महाप्रबंधक हरिभूमि


पूर्णिमा चंद्रवंशी कवर्धा को मत्स्य पालन एवं कृषि उद्यमी के क्षेत्र में चौधरी मित्र सेन समिति कृषक सम्मान से सम्मानित


मुकेश चौधरी सारंगढ़ को चौधरी मित्र सेन समिति कृषक सम्मान


गोविंद पटेल बालोद को चौधरी मित्र सेन समिति कृषक सम्मान


मुकुंद राय जशपुर को चौधरी मित्र सेन समिति कृषक सम्मान


भवानी शंकर पांडा रायगढ़ को चौधरी मित्र सेन समिति कृषक सम्मान


सोनू पीसीआर हेड आईएनएच सम्मान करते हुए


गौरव शर्मा सीनियर रिपोर्टर आईएनएच सम्मान करते हुए

दीक्षांत और समाया पांडे ने जीते दोहरे खिताब

रायपुर। छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के तत्वावधान में 22 अक्टूबर से सप्रे शाला में जारी 24वीं राज्य एवं अंतर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता का रविवार को शानदार समापन हो गया। मुख्य अतिथि एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक आदर्श श्रीवास्तव थे। अध्यक्षता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशोर जादवानी ने की, जबकि विशेष अतिथि संघ के सचिव सार्थक शुक्ला उपस्थित रहे।



फाइनल मुकाबले और परिणाम

रोमांचक फाइनल मुकाबलों में अंडर-19 (यूथ) बालक वर्ग का खिताब बिलासपुर के दीक्षांत कुमार जांगड़े ने रायपुर के आर्यन कुमार सिंह को 4-3 से हराकर अपने नाम किया। वहीं, अंडर-19 (यूथ) बालिका वर्ग में रायपुर की समाया पांडे ने इसी शहर की वेदी कछवाहा को 4-0 से पराजित कर विजेता का ताज पहना। इसके अलावा अंडर-15 (सब जूनियर) बालक वर्ग के मुकाबले में बिलासपुर के दीक्षांत कुमार जांगड़े ने रायपुर के कवीश काला को 3-0 से मात दी, जबकि सब जूनियर बालिका वर्ग में रायपुर की समाया पांडे ने अपनी ही शहर की लावण्या पांडे को 3-0 से हराकर दोहरा खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के दौरान सीनियर पुरुष एकल वर्ग के क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए, साथ ही सीनियर महिला एकल वर्ग और यूथ अंडर-11 (होप्स) बालक व बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले भी खेले जा रहे हैं। प्रतियोगिता के सफल संचालन में मुख्य निर्णायक अंतरराष्ट्रीय अंपायर विमल नायर तथा सहायक मुख्य निर्णायक अजीत बनर्जी, शिशिर गुप्ता और पी.एन. मजुमदार ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

राज्य व्हीलचेयर रग्बी में रायपुर टीम विजेता

रायपुर। छत्तीसगढ़ व्हीलचेयर रग्बी एसोसिएशन, रोटरी क्लब ऑफ रायपुर सुप्रीम तथा रोटरी क्लब ऑफ रायपुर एलिगेंस के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय व्हीलचेयर रग्बी प्रतियोगिता सालेम इंग्लिश मीडियम स्कूल, रायपुर में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इस अनूठी प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न संभागों से आए दिव्यांग खिलाड़ियों ने अपने अदम्य उत्साह, साहस और उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन किया। कड़े मुकाबले के बाद रायपुर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि बिलासपुर की टीम उपविजेता रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एम्स के डायरेक्टर लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. अशोक जिंदल रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में योग आयोग के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के संयुक्त सचिव प्रशांत सिंह रघुवंशी और संस्थापक राकेश सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। रोटरी क्लब ऑफ रायपुर सुप्रीम के अध्यक्ष रोटेरियन एस.के. श्रीवास्तव और रोटरी क्लब ऑफ रायपुर एलिगेंस की अध्यक्ष रोटेरियन प्रियंका गुप्ता ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग खिलाड़ियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का उचित मंच प्रदान करना है।



स्व. अजय निहलानी मेमोरियल टेनिस टूर्नामेंट का समापन



रायपुर। यूनियन क्लब और इंटरनेशनल टेनिस स्टेडियम में 23 से 25 अक्टूबर तक आयोजित स्वर्गीय अजय निहलानी मेमोरियल छत्तीसगढ़ स्टेट टेनिस रैंकिंग टूर्नामेंट का समापन रविवार को हुआ। यूनियन क्लब में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव और छत्तीसगढ़ टेनिस संघ के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा ने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। संजय श्रीवास्तव ने कहा कि स्व. अजय निहलानी की स्मृति में टूर्नामेंट का आयोजन सराहनीय पहल है। यूनियन क्लब खेलों को बढ़ावा देने के साथ स्थानीय खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर दे रहा है। उन्होंने गुरुचरण सिंह होरा के प्रयासों की सराहना करते हुए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। गुरुचरण सिंह होरा ने बताया कि छत्तीसगढ़ टेनिस संघ के अध्यक्ष डॉ. हिमांशु द्विवेदी के नेतृत्व में आयोजित प्रतियोगिता में करीब 200 खिलाड़ियों की प्रविष्टियां मिलीं। इसमें 12 से 65 वर्ष तक के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

अंडर-17 फुटबॉल ट्रायल : प्रदेशभर से जुटे 75 खिलाड़ी

रायपुर। छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ की आगामी स्टेट एलीट यूथ लीग के लिए अंडर-17 बालक फुटबॉल टीम के चयन के लिए आयोजित दो दिवसीय ट्रायल का रविवार को आखिरी दिन रहा। 24 एवं 25 अक्टूबर को माधव राव सप्रे स्कूल फुटबॉल मैदान, बुढ़ापारा में आयोजित इस ट्रायल में पूरे छत्तीसगढ़ से 75 से अधिक युवा फुटबॉल खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस चयन ट्रायल में बस्तर से लेकर सरगुजा तक प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रदेश के एक छोर से दूसरे छोर तक के युवा खिलाड़ियों की भागीदारी ने छत्तीसगढ़ में फुटबॉल के प्रति बढ़ते उत्साह और प्रतिभा को प्रदर्शित किया। खिलाड़ियों ने चयनकर्ताओं के सामने अपने खेल कौशल, तकनीकी क्षमता, फिटनेस और प्रदर्शन का परिचय दिया।



फिटनेस व खेल का आंकलन

यह ट्रायल नवंबर के अंतिम सप्ताह में आयोजित होने वाली स्टेट एलीट यूथ लीग के लिए शेरा क्रीड़ा समिति की अंडर-17 टीम के चयन के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीम को आगे यूथ आई-लीग में खेलने का अवसर मिलेगा। दो दिनों तक चली चयन प्रक्रिया में खिलाड़ियों के प्रदर्शन का बारीकी से आकलन किया गया। चयनित खिलाड़ियों को आगामी प्रतियोगिता के लिए टीम में शामिल किया जाएगा। समिति सचिव मुस्ताक अली प्रधान ने बताया, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराने की कोशिश इस प्रतियोगिता के जरिए की जा रही है।

राष्ट्रीय पैरा केनो चैंपियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ की टीम भोपाल रवाना



रायपुर। भारतीय कायाकिंग-कैनोइंग एसोसिएशन के तत्वावधान में 19वीं राष्ट्रीय पैरा केनो चैंपियनशिप का आयोजन 26 से 28 अक्टूबर तक भोपाल के लोअर लेक में किया जा रहा है।

इसमें में हिस्सा लेने छत्तीसगढ़ की टीम आज रवाना हुई। रवाना होने से पहले आज टीम के सभी खिलाड़ियों ने छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग-कैनोइंग एसोसिएशन के अध्यक्ष बलदेव सिंह भाटिया से मुलाकात की। श्री भाटिया ने सभी खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग-कैनोइंग एसोसिएशन के सहसचिव प्रशांत सिंह रघुवंशी, सचिव अभिजीत मिश्रा, सहसचिव अमरजीत छाबड़ा और डॉ. नवीन बाफना सहित संघ के तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ पैरा केनो टीम के सदस्यों में प्रेमजीत कुमार, होरी लाल यादव, विभीषण कुमार, करण सोनी, लक्की सोनी, पिंटू राम साहू, कुलदीप मिंज, चंचला पटेल और सुनील कुमार बतौर खिलाड़ी शामिल हैं। टीम के कुशल मार्गदर्शन के लिए दिनेश कुमार साहू को कोच और राकेश सिंह ठाकुर को मैनेजर की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

पदक लेकर लौटे तीरंदाजों का किया आत्मीय स्वागत



रायपुर। जयपुर से पदक जीतकर लौटे छत्तीसगढ़ के रिकर्व तीरंदाजों का रविवार को रेलवे स्टेशन पर भारतीय तीरंदाजी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन के वरिष्ठ पदाधिकारी कैलाश मुरारका ने शॉल और पुष्पगुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत और अभिनंदन किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी कड़ी मेहनत और उपलब्धि की भरपूर सराहना की। जयपुर (राजस्थान) में आयोजित 46वीं राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की रिकर्व टीम ने पहली बार कांस्य पदक हासिल कर प्रदेश के तीरंदाजी इतिहास में एक नया स्वर्णिम अध्याय जोड़ा है। पदक जीतने वाली इस रिकर्व टीम में गीतेश यादव, श्रेयांश वर्मा, युवराज और अविनाश शामिल हैं, जिन्होंने अपने शानदार प्रदर्शन से पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया है। वहीं प्रदेश के पैरा तीरंदाज टोमन कुमार ने एशियन गेम्स की मिक्स्ड टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। इसके अलावा,इस बड़ी उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुरारका ने कहा कि पदक खिलाड़ियों के लंबे संघर्ष, निरंतर प्रयास और अटूट संकल्प का परिणाम है।

जिला स्तरीय वॉलीबॉल चयन ट्रायल 28 को



रायपुर। गौरेला पेंड्रा मरवाही जिला वॉलीबॉल संघ द्वारा जिला स्तरीय सीनियर वॉलीबॉल टीम के गठन के लिए चयन ट्रायल का आयोजन 28 अक्टूबर को दोपहर 2:00 बजे से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पेंड्रा में किया जाएगा। यह चयन ट्रायल 21वीं सीनियर छत्तीसगढ़ राज्य अंतर-जिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए किया जा रहा है। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का मुख्य आयोजन रायगढ़ में किया जाएगा।



फिल्म इवेंट

हॉलीवुड


जेसिका की 'अदर मम्मी' का बॉक्स ऑफिस पर दबदबा, शानदार कमाई ने चौंकाया

सुपरनैचुरल हॉरर फिल्म 'अदर मम्मी' ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी असाधारण शुरुआत से सभी को चौंका दिया है। ऑस्कर विजेता अभिनेत्री जेसिका चेस्टेन की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म ने अपने पहले ही सप्ताहांत में उत्तरी अमेरिका में लगभग 2.75 करोड़ से 2.78 करोड़ डॉलर की कमाई कर बॉक्स ऑफिस पर नंबर-1 स्थान हासिल किया। इसका निर्माण बजट बेहद नियंत्रित यानी महज 1.9 करोड़ डॉलर था, जिसके मुकाबले इसने वैश्विक स्तर पर 8.59 करोड़ डॉलर से अधिक की शानदार कमाई कर ली है। यह कम लागत में बनी किसी फिल्म के लिए एक अभूतपूर्व व्यावसायिक सफलता है। यह फिल्म मशहूर लेखक जोश मैलर्मन के चर्चित और रोंगटे खड़े कर देने वाले उपन्यास 'इंसीडेंट्स अराउंड द हाउस' पर आधारित है, इससे पहले उनके उपन्यास 'बर्ड बॉक्स' पर भी सफल फिल्म बन चुकी है। फिल्म की कहानी एक छोटी बच्ची और उसके परिवार के इर्द-गिर्द घूमती है, जिनका घर एक रहस्यमयी और खतरनाक साए की चपेट में आ जाता है। यह साया बिल्कुल बच्ची की मां जैसा रूप धरकर उसके जीवन में सेंध लगाने की कोशिश करता है। सबसे डरावना पहलू यह है कि उस साए को घर में दाखिल होने या बच्ची पर हावी होने के लिए खुद उस मासूम से अनुमति चाहिए होती है, जो दर्शकों को मानसिक रूप से झकझोर कर रख देता है। आलोचकों की तरफ से इस फिल्म को बहुत अधिक सकारात्मक प्रतिक्रियाएं नहीं मिलीं और इसकी कहानी या निर्देशन को लेकर मिली-जुली से लेकर कुछ नकारात्मक समीक्षाएं भी सामने आईं। हालांकि, क्रिटिक्स की तीखी आलोचनाओं के बावजूद, हॉरर जॉनर के प्रेमियों और जेसिका चेस्टेन की स्टार पावर के दम पर दर्शकों ने इसे सिनेमाघरों में भरपूर प्यार दिया।



टॉलीवुड

विजय की ड्रामा फिल्म 'बात्था' ने खींचा ध्यान, दमदार अभिनय लुभा रहा




साउथ सिनेमा के वर्सेटाइल अभिनेता विजय सेतुपति की नई तमिल ड्रामा फिल्म 'बात्था' ने रिलीज होते ही दर्शकों और समीक्षकों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। निर्देशक बालाजी थाराणीथरण के निर्देशन में बनी यह फिल्म 1986 के दौर के मद्रास (अब चेन्नई) की पुरानी और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित है। अपने दमदार अभिनय के लिए मशहूर विजय सेतुपति ने इस फिल्म में एक बार फिर अपनी अद्भुत कला का परिचय दिया है, जिसके चलते सिनेमाघरों में इसे देखने के लिए दर्शकों की अच्छी खासी भीड़ उमड़ रही है।

इस फिल्म की सबसे बड़ी यूएसपी इसकी बेहद दिलचस्प और भावुक करने वाली कहानी है, जो एक खूंखार स्थानीय डॉन और एक महज 8 साल के मासूम बच्चे के इर्द-गिर्द घूमती है। अपराधियों की दुनिया में खौफ का पर्याय बन चुका एक डॉन किस प्रकार एक छोटे बच्चे के संपर्क में आने के बाद मानवीय भावनाओं से जुड़ता है, इसे बेहद संवेदनशीलता के साथ पर्दे पर उतारा गया है। डॉन और बच्चे के बीच पनपने वाला यह अनूठा और भावनात्मक रिश्ता दर्शकों को अंदर तक झकझोर देता है, और यही इसका मुख्य आकर्षण है।

सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद इस फिल्म को आलोचकों और आम दर्शकों दोनों की तरफ से सकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। निर्देशक बालाजी थाराणीथरण ने 1980 के दशक के मद्रास के माहौल, वेशभूषा और वहां की संस्कृति को बेहद प्रामाणिक तरीके से पर्दे पर जीवंत किया है। विजय सेतुपति की बेहतरीन अदाकारी और बच्चे के साथ उनकी केमिस्ट्री ने इस ड्रामा फिल्म को एक यादगार सिनेमाई अनुभव बना दिया है, जिससे यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भी मजबूत स्थिति में नजर आ रही है।

भोजपुरी

'पतोहिया हंटरवाली' और तीन नई फिल्मों का डिजिटल प्रीमियर



भोजपुरी फिल्म जगत में अपनी सशक्त अदाकारी और दमदार एक्शन तेवर के लिए पहचानी जाने वाली लोकप्रिय अभिनेत्री अंजना सिंह एक बार फिर बड़े पर्दे और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बड़ा धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। हाल ही में अभिनेत्री की आने वाली बहुप्रतीक्षित और चर्चित फिल्म 'पतोहिया हंटरवाली' को लेकर एक बहुत बड़ा अपडेट सामने आया है। इस फिल्म के साथ-साथ उनकी तीन अन्य नई फिल्मों को भी प्रमुख डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर प्रीमियर किए जाने की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। फिल्म 'पतोहिया हंटरवाली' का शीर्षक ही इसके आक्रामक तेवर और मिजाज को स्पष्ट करने के लिए काफी है। भोजपुरी सिनेमा में अमूमन बहुओं को एक सीधी-सादी और घरेलू छवि में पेश किया जाता है, लेकिन यह फिल्म इस पुरानी लीक को पूरी तरह तोड़ती नजर आएगी। फिल्म की कहानी एक ऐसी घरेलू बहू के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने परिवार और समाज पर होने वाले जुल्म, अन्याय और दबंगों के अत्याचार के खिलाफ खुद हथियार या हंटर उठा लेती है। इस फिल्म में अंजना सिंह का बिल्कुल अलग और आक्रामक रूप देखने को मिलेगा, जिसमें वे खतरनाक स्टंट और फाइट सीक्वेंस खुद करती नजर आ रही हैं। उनके इस तेवर को देखकर प्रशंसक उन्हें भोजपुरी सिनेमा की 'लेडी सिंघम' के रूप में देख रहे हैं।

रंगों की गर्मी

लाइफ स्टाइल



जर्मनी की राजधानी बर्लिन में हर साल होने वाले प्रसिद्ध बर्लिन फैशन वीक के दौरान 'क्राफ्टवेर्क बर्लिन' में अनूठी डिजाइन से लोग रूबरू हुए। डिजाइनर डैनी रीन्के की इस डिजाइन में बीच में खड़ी मुख्य मॉडल ने पर्पल रंग की एक बेहद खूबसूरत और भारी ट्यूल फ्रिल वाली गाउन पहनी, जिस पर कमर में एक पीली बेल्ट जड़ी है। इसके अलावा अन्य मॉडलों ने विंटर फैशन के तहत फजी फॉक्स-फर कोट, मस्टर्ड येलो और मटीरियल वाले पैंट-सूट, तथा क्लासिक प्रिंटेड पैटर्न वाले आउटफिट्स पहने। इस पूरे कलेक्शन में रस्ट ऑरेंज, मस्टर्ड, पर्पल और अर्थी जैसे गर्म रंगों का प्रमुखता से इस्तेमाल किया गया है।

कलाइयों का आकर्षण बढ़ाएंगी पारंपरिक और आधुनिक चूड़ियां

फैशन और परंपरा का जब भी संगम होता है, तो हाथों की सजावट सबसे पहले ध्यान खींचती है। किसी भी त्यौहार, शादी-ब्याह या पारिवारिक उत्सव में अपने ट्रेडिशनल और एथनिक आउटफिट को खास बनाने के लिए खूबसूरत कंगन और चूड़ियां हमेशा पहली पसंद रहे हैं। यदि आप भी अपने एथनिक पहनावे के साथ कुछ अनोखा, ट्रेंडी और आकर्षक कैरी करना चाहती हैं, तो कड़ा और चूड़ियों के ये खास डिजाइन आपकी कलाइयों की खूबसूरती को दोगुना कर देंगे।

ये स्टाइलिश चूड़ियां और कंगन आपके लहंगा, साड़ी या इंडो-वेस्टर्न परिधानों में एक क्लासी और एलिगेंट टच जोड़ने का काम करते हैं।

घुंघरू लगी कलरफुल चूड़ियां

यदि आप अपने पारंपरिक परिधान में कई रंगों का समावेश चाहती हैं, तो यह विकल्प बेहतरीन है। लाल, नीले, हरे, पीले और नारंगी रंग के रेशमी धागों के साथ घुंघरू की बारीक डिटेलिंग कलाइयों को बहुत ही जीवंत रूप देती है। किसी भी उत्सव या पारिवारिक समारोह में रंग-बिरंगी पोशाक के साथ यह सेट बेहद आकर्षक लगता है।

कौड़ियां और शीशे से सजे रंग-बिरंगे कंगन

रंग-बिरंगे धागों से तैयार किए गए कंगन, जिनके बीच कौड़ियां और छोटे-छोटे शीशों का काम किया गया हो, आजकल फैशन में काफी लोकप्रिय हैं। पारंपरिक लुक के साथ इन्हें पहनकर आप अपनी कलाइयों को एक अनूठा बोहो-चिकन रूप दे सकती हैं। इसके आगे और पीछे घुंघरू वाले कड़े जोड़कर सेट को और भव्य बनाया जा सकता है।




कौड़ी, घुंघरू और सितारों से सजे चौड़े ब्रेसलेट


जो महिलाएं चूड़ियों के पूरे सेट की जगह कंगन या ब्रेसलेट पहनना पसंद करती हैं, उनके लिए यह डिजाइन एकदम सही है। इसमें चौड़े ब्रेसलेट बेस को सुंदर फैब्रिक से कवर करके उस पर कौड़ी, घुंघरू, शीशे और सितारों की नक्काशी की जाती है। यह एक ही कड़ा हाथ में पहनते ही पूरा लुक निखर आता है।


क्लासिक और एलिगेंट सिल्वर ब्रेसलेट


पारंपरिक और फ्यूजन लुक्स के साथ सिल्वर कंगन और ब्रेसलेट हमेशा ही एक क्लासी और एवरग्रीन लुक देते हैं। चांदी की चमक और उस पर बनी पारंपरिक नक्काशी आपके एथनिक आउटफिट को एक शाही स्पर्श प्रदान करती है।

किराए के जेवरात भी निखार सकते हैं आपकी खूबसूरती











अपनी शादी में लहंगे के साथ अक्सर हम हैवी ज्वेलरी पहनना पसंद करते हैं। लेकिन ये दोबारा इस्तेमाल में नहीं आती है। ऐसे में आप इन्हें रेंट पर ले सकती हैं। शादी की शॉपिंग के लिए दिल्ली की कई सारी मार्केट ऐसी हैं जो बेस्ट हैं। इन मार्केट में आपको हर तरह के कपड़े, ज्वेलरी, मेकअप वैगरह सामान मिल जाएगे। आप चाहे तो इन मार्केट से रेंट पर सामान भी ले सकती हैं जिन्हें शादी में पहनने के बाद वापस किया जा सकता है। इससे आपको शादी में पहनने के लिए अच्छा सामान भी मिल जाता है साथ ही आपके पैसे भी कम खर्च होते हैं। चलिए जानते हैं दिल्ली की इन मार्केट के बारे में जहां से आप किराए पर ज्वेलरी खरीद सकती हैं।

करोल बाग मार्केट

अगर आप शादी में डिजाइनर और ट्रेंडी ज्वेलरी वियर करना चाहती हैं तो इसके लिए आप करोल बाग मार्केट से खरीद सकती हैं। यहां कई सारी ऐसी दुकाने हैं जहां पर आपको अच्छे डिजाइन की ज्वेलरी मिलेगी। यहां पर आप हैवी ज्वेलरी भी खरीद सकती हैं और चाहे तो वेडिंग के अन्य फंक्शन में भी इन ज्वेलरी को वियर कर सकती हैं।


बस आपको इनका किराया देना होगा जो आपको ज्वेलरी वापस करने पर रिटर्न हो जाएगा। इसके अलावा आप इस मार्केट से लहंगा, चूड़ा, कलीरे वैगरह सामान भी ले सकती हैं।करोल बाग मार्केट सोमवार को बंद होती है। सदर बाजार दिल्ली में सबसे बड़ा थोक का मार्केट माना जाता है। सारे व्यापारी वहां से अपनी जरूरत का सामान खरीदकर लाते हैं और उन्हें बेचते हैं।

स्किन है ऑयली तो न करें ये काम, हो सकता है नुकसान

समर सीजन में स्किन की सबस ज्यादा केयर करनी पड़ती है। दरअसल, इस सीजन में धूप की वजह से पसीना आता है और पसीने की वजह से स्किन से जुड़ी समस्या शुरू हो जाती है। वहीं जिन लोगों की स्किन ऑयली है उन्हें सबसे ज्यादा इस मौसम में अपनी स्किन की केयर करनी पड़ती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इस मौसम में ऑयली स्किन होने के कारण और पसीने की वजह से दाने और मुहांसों की समस्या पैदा हो जाती है। ऐसे में जरुरी है इस मौसम में स्किन की केयर करना ताकि स्किन से जुड़ी कोई भी समस्या पैदा न हो साथ ही स्किन को कोई नुकसान न हो। इस आर्टिकल में हम ऑयली स्किन वाले लोगों को कुछ जरुरी बातें बताने जा रहे हैं जो ऑयली स्किन वाले लोगों को समर सीजन में नहीं करनी चाहिए।

सनस्क्रीन का करें इस्तेमाल

कई महिलाएं चिपचिपी त्वचा होने की वजह से सनस्क्रीन का इस्तेमाल नहीं करती हैं लेकिन ऐसा करना गलत है। समर सीजन में सनस्क्रीन



का जरुर इस्तेमाल करें ताकि धूप की वजह से स्किन को होने नुकसान को बचाया जा सकें।वहीं आपकी स्किन के लिए किस तरह कासनस्क्रीनसही रहेगा इसके लिए आप डॉक्टर या एक्सपर्ट की मदद ले सकती हैं।

चेहरे को करें मॉइस्चराइज

पैरों की खूबसूरती के लिए ही नहीं इसलिए भी जरूरी होता है पेडिक्योर

अक्सर लोग बदलते मौसम के साथ अपनी त्वचा का ध्यान रखना शुरू कर देते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे स्किन अच्छी रहती है। साथ ही, हम खूबसूरत नजर आते हैं। लेकिन पैरों की खूबसूरत भी उतनी ही जरूरी होती है, जितनी चेहरे की। इससे हमारे पैर हेल्दी रहते हैं। साथ ही, स्किन से जुड़ी प्रॉब्लम कम होती है। इसके ऐसे कई सारे फायदे हैं, जिसे जानकर आ भी पेडिक्योर करवाना शुरू कर देंगे। चलिए आपको बताते हैं, इन तरीकों के बारे में।

पेडिक्योर से सही होती है डैमेज स्किन

अगर आपकी स्किन ज्यादा डेड नजर आ रही है। इसकी वजह से आपको फंगल इंफेक्शन हो रहा है, तो ऐसे में आप पेडिक्योर कराएं। इसे करवाने से आपके पैरों की डेड स्किन प्रॉब्लम कम हो जाएगी। साथ ही, अगर आपकी एडियां फट रही हैं या क्रेक आ रहे हैं, तो वो धीरे-धीरे कम हो जाएंगे। इसलिए भी आपको इसके जरूर करवाना चाहिए। इसके लिए आप फिश या नॉर्मल पेडिक्योर करा सकती हैं।



पेडिक्योर से साफ हो जाते हैं नाखून

अगर आपको लगता है कि आपके पैरों के नाखूनों के पास गंदगी ज्यादा हो गई है, तो इसके लिए जरूरी है कि आप पेडिक्योर करवाएं। इसे करवाने से आपके पैर साफ हो जाएंगे। साथ ही आपके नाखूनों पर जमा एक्स्ट्रा मैल भी साफ हो जाएगा। साथ ही, उनकी लाइफ भी बढ़ जाएगी। सफाई करवाने से वो जल्दी नहीं टूटेंगे। इसके बाद आप इसमें नेल आर्ट करा सकती हैं।

कार्नर न्यूज

फैशन के दौर में तय कीजिए नया ट्रेंड

साड़ी के साथ ब्लाउज को स्टाइल करें नए तरीके, ट्रेंड सेट कर देंगी अपने आसपास

साड़ी फैशन आजकल चलन में है और साड़ी के साथ मैचिंग ब्लाउज को पहना जाता है। आए दिन फैशन ट्रेंड तेजी के साथ बदल रहा है और कुछ नया मार्केट में देखने को नजर आ रहा है। ऐसे में साड़ी का चलन कभी भी आउट ऑफ़ फैशन नहीं होता है और इसे तरह-तरह से स्टाइल किया जाता है।

सेलेब्रिटी लुक की बात करें तो आजकल बहुत सी एक्ट्रेस के साड़ी डिजाइंस काफी चलन में है। कुछ स्टाइलिश ब्लाउज डिजाइंस ऐसे हैं, जिन्हें आप आसानी से पहनकर अपने साड़ी लुक को खास बना सकती हैं। साथ ही बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स।

टर्टल नेक ब्लाउज

अगर आप बंद गले के ब्लाउज पहनना पसंद करती हैं तो इस तरह के गले से लगे हुए टर्टल नेक ब्लाउज डिजाइन को आप पहन सकती हैं। इस तरह के ब्लाउज के साथ आप स्लीवलेस बाजू बनवाएं। साथ ही आप ज्वेलरी को स्किप भी कर सकती हैं।



ब्रालेट ब्लाउज डिजाइन

बोल्ड और मॉडर्न लुक पाना चाहती हैं तो इस तरह का ब्रालेट डिजाइन का ब्लाउज आपके लुक को आकर्षक बनाने में मदद करेगा। इस तरीके के हैवी वर्क वाले ब्लाउज आपको मार्केट में रेडीमेड भी आसानी से मिल जाएंगे। ऐसा पर्ल या बीड्स डिजाइन खासकर पेस्टल कलर की साड़ी के साथ खूबसूरत नजर आता है।

राउंड नेक ब्लाउज डिजाइन

सिंपल डिजाइन वाले नेक लाइन पहनना पसंद करती हैं तो इस तरीके के गोल गले वाले ब्लाउज आपके लुक को खास बनाने में मदद करेंगे। इस तरीके की नेक लाइन आप सिल्क साड़ी के साथ ट्राई करें। स्टाइलिंग की बात करें तो गले में हैवी स्टेटमेंट चोकर और मैचिंग इयररिंग्स को पहनें।

